हिन्दी दैनिक
# राष्ट्र संवाद
आपका राष्ट्र, आपका संवाद
जमशेदपुर से प्रकाशित
RNI No. : JHAHIN - 01092
rashtrasamvad.com
मूल्य : दो रुपए
जमशेदपुर,
बुधवार 23 अप्रैल 2025
नगर संस्करण
वर्ष: 01,अंक:338

**सुविचार**

आप कितने भी बड़े
बन जाएं अगर आपके
अंदर इंसानियत नहीं है
तो सब बेकार है।

# जम्मू-कश्मीर में पुलवामा के बाद सबसे बड़ा हमला, 27 मौतें

## आतंकियों ने टूरिस्ट के नाम पूछकर गोली मारी, नेपाल-यूएई के 2 टूरिस्ट मारे गए

**पहलगाम (जम्मू-कश्मीर),एजेंसी।** कश्मीर के पहलगाम शहर के निकट एक प्रसिद्ध घास के मैदान में मंगलवार दोपहर हुए आतंकवादी हमले में 27 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर पर्यटक हैं। यह 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद घाटी में हुआ सबसे घातक हमला है।

एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने विस्तृत जानकारी दिए बिना बताया कि 26 मृतकों में दो विदेशी और दो स्थानीय नागरिक हैं।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस आतंकी हमले को हाल के वर्षों में आम लोगों पर हुए किसी भी हमले से कहीं बड़ा हमला बताया।

अधिकारियों ने बताया कि यह हमला ऐसे समय हुआ है जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे डी वेंस भारत की यात्रा पर हैं और पर्यटन तथा ट्रैकिंग का सीजन जोर पकड़ रहा है। हमला



अपराह्न करीब तीन बजे हुआ।

पहलगाम शहर से लगभग छह किलोमीटर दूर बैसरन घने देवदार के जंगलों और पहाड़ों से घिरा एक विशाल घास का मैदान है तथा देश और दुनिया के पर्यटकों के बीच पसंदीदा स्थान है। अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हथियारबंद आतंकवादी मिनी स्विट्जरलैंड कहे जाने वाले घास के मैदान में घुस आए और भोजनालयों के आसपास घूम रहे, खच्चर की सवारी कर रहे, पिकनिक मना रहे पर्यटकों पर गोलीबारी शुरू कर दी।

कश्मीर घाटी में हुए इस हमले में कम से कम 20 लोग घायल हो गए।

पाकिस्तान में स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के छद्म संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

अधिकारियों ने कहा कि यह संभव है कि आतंकवादी समूह जम्मू के किश्तवाड़ से दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग के रास्ते बैसरन तक पहुंचा हो।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सऊदी अरब की यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को स्थिति की जानकारी दी और बताया कि वह सभी एजेंसियों के साथ तत्काल सुरक्षा समीक्षा बैठक के लिए शाम को श्रीनगर पहुंचे हैं।अधिकारियों ने बताया कि शाह के बुधवार को पहलगाम जाने की संभावना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकी हमले की निंदा की और कहा कि आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा। मोदी ने एक्स पर कहा, मैं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं घायल लोगों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।

उन्होंने कहा, इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा...उन्हें बख्शा नहीं जाएगा! उनका नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है और यह और भी मजबूत होगा।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हमले के बाद मदद के लिए चीख-पुकार मच गई, जबकि शव खून से लथपथ पड़े थे। कुछ लोगों का कहना है कि हमलावरों की संख्या पांच थी। हमले के समय घटनास्थल पर मौजूद एक महिला ने 'पीटीआई-भाषा' को फोन पर बताया, मेरे पति के सिर में गोली लगी, जबकि सात अन्य लोग भी हमले में घायल हुए हैं। महिला ने अपनी पहचान नहीं बताई, लेकिन घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की गुहार लगाई।

एक अन्य महिला पर्यटक ने बताया कि जैसे ही गोलियां चलीं, वहां अफरातफरी मच गई और पर्यटक छिपने के लिए भागे, लेकिन खुले स्थान पर छिपने के लिए कोई जगह नहीं थी।

## नेशनल हेराल्ड की लूट वाला बैग लिए दिखीं बांसुरी स्वराज

**वन नेशन-वन इलेक्शन पर जेपीसी की बैठक में पहुंचीं, कमेटी 17 मई से राज्यों का दौरा करेगी**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** वन नेशन-वन इलेक्शन पर जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (JPC) की बैठक मंगलवार को शुरू हुई। मीटिंग में भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज नेशनल हेराल्ड की लूट लिखा बैग लेकर पहुंचीं।स्वराज ने कांग्रेस पार्टी पर गलत काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा-पहली बार है जब लोकतंत्र के चौथे स्तंभ-मीडिया में भ्रष्टाचार हुआ है।दरअसल, 15 अप्रैल को प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और सैम पित्रोदा के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। 25 अप्रैल को सुनवाई है।इससे पहले 10 दिसंबर को प्रियंका गांधी संसद में पीएम मोदी और अडाणी के कार्टून बने बैग लेकर पहुंची थीं। वे गौतम अडाणी पर अमेरिका कोर्ट में लगाए गए अभियोग के मुद्दे पर प्रदर्शन में शामिल हुई थीं।

## गुजरात में ट्रेनिंग प्लेन क्रैश, एक पायलट की मौत

**अमरेली के रिहायशी इलाके में गिरा प्राइवेट कंपनी का प्लेन, क्रैश होने के बाद ब्लास्ट**

**अमरेली,एजेंसी।** गुजरात में अमरेली के गिरिया रोड स्थित रिहायशी इलाके में एक पायलट ट्रेनिंग सेंटर का प्लेन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में पायलट की मौत हो गई है। विमान के गिरने के बाद जोरदार धमाका हुआ, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया।प्लेन में एक ही पायलट सवार था अमरेली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, हादसे का शिकार हुआ यह प्लेन एक निजी कंपनी द्वारा संचालित था। हादसे का शिकार हुए प्लेन में एक ही पायलट सवार था, जिसकी मौत हो गई। पायलट का नाम अनिकेत महाजन है। हादसे से पहले पायलट ने चार बार उड़ान भरी थी डीवाईएसपी चिराग देसाई ने बताया कि अमरेली स्थित ट्रेनिंग सेंटर अपने एकल इंजन वाले विमानों के जरिए ट्रेनिंग देता है। आज इस प्लेन को अनिकेत महाजन उड़ा रहे थे। अनिकेत ने आज ट्रेनिंग के दौरान इससे पहले चार बार उड़ान भरी और लैंड हुए थे। पांचवी बार उन्होंने दोबारा उड़ान भरी तो किसी कारणवश उनका प्लेन अमरेली तालुका पुलिस स्टेशन क्षेत्र में शास्त्री नगर के पास क्रैश हो गया।

# मुख्यमंत्री सोरेन ने बार्सिलोना में प्रवासी भारतीय व्यवसायियों और विशेषज्ञों से की मुलाकात

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड में निवेश को आकर्षित करने के लिए स्पेन और स्वीडन की यात्रा पर हैं। उन्होंने स्पेन के बार्सिलोना में कई महत्वपूर्ण बैठकें कीं और झारखण्ड में निवेश की संभावनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान झारखंड सरकार को आरसीडी एसपेनियोल फुटबॉल क्लब ने खेल विकास, विशेषकर फुटबॉल कोचों के प्रशिक्षण के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने का प्रस्ताव दिया है। यह सहयोग बार्सिलोना के उत्कृष्ट खेल इकोसिस्टम, झारखंड में खेल खास कर फुटबॉल के विकास को बढ़ावा देगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने स्पेन के बार्सिलोना में प्रवासी भारतीय व्यवसायियों और



प्रतिष्ठित विशेषज्ञों से मुलाकात की। इस दौरान स्टार्टअप मेंटरशिप, क्लीन एनर्जी, पर्यावरणीय स्थिरता, सप्लाई चेन, बायो-फार्मास्यूटिकल्स, खेल विपणन, क्रिकेट टीम ओनरशिप, डीप-टेक बी2बी मार्केटिंग, लीगल, डेंटिस्ट्री और मेडटेक जैसे विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने उद्यमिता, नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए सुझाव दिए और झारखंड में एक जीवंत स्टार्टअप ईकोसिस्टम के निर्माण में सहयोग देने की इच्छा जताई। मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिभागियों को झारखंड आने और राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित किया है।

मुख्यमंत्री ने टेस्ला ग्रुप एएस (चेकोस्लोवाकिया) के सीईओ एवं सह-संस्थापक डुशान लिचार्डस से भी भेंट की। उन्होंने झारखंड में एक गीगा फैक्टरी स्थापित करने का प्रस्ताव दिया, जो वाणिज्यिक और औद्योगिक बैटरी भंडारण उत्पादों के असेंबली पर केंद्रित होगी। यह संयंत्र नवीकरणीय ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में कंपनी के रोमानिया के ब्रेइला में किए गए निवेश के समान होगा।

प्रतिनिधिमंडल ने सुझाव दिया कि झारखंड में स्टार्टअप्स और उनके मेंटर्स का मैपिंग किया जाए और उन्हें वैश्विक इनक्यूबेटरों से जोड़ा जाए। खाद्य प्रसंस्करण, विशेष रूप से झारखंड के कटहल और टमाटर जैसे उत्पादों के मूल्यवर्धित प्रसंस्करण में निवेश की संभावनाएं तलाशने का सुझाव दिया गया। इसके अतिरिक्त पारंपरिक चिकित्सा (होड़ोपैथी), अनुसंधान और विकास, फार्मास्युटिकल, मेडटेक तथा बायोटेक में अनुसंधान जैसे विषय शामिल रहे।

मौके पर मुख्यमंत्री सोरेने ने आश्वस्त किया कि स्पेनिश कंपनियों के साथ सतत संवाद, बैठकें और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि सहयोग की दिशा में ठोस प्रगति हो सके। राज्य सरकार प्राप्त सुझावों को नीतियों के मूल्यांकन और अद्यतन करते समय ध्यान में रखेगी। उन्होंने यह भी बताया कि झारखंड ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में उल्लेखनीय प्रगति की है और निवेश को शीघ्र और सहज रूप से धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है।

## करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज सिंह शेखावत पहुंचे जमशेदपुर अंतिम संस्कार में हुए शामिल

### एक सप्ताह के भीतर अगर अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होती है पूरे देश भर के क्षत्रिय जमशेदपुर पहुंचकर श्रद्धांजलि सभा आयोजन करेंगे :राज सिंह शेखावत

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**जमशेदपुर।** राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जमशेदपुर में हत्या के बाद करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमशेदपुर पहुंचे और बर्निंग घाट मे अंतिम संस्कार में शामिल हुए। बर्निंग घाट से पैदल ही जमशेदपुर के एसपी कार्यालय पहुंचे और उसके बाद जमशेदपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल से क्षत्रिय समाज के लोगों ने मुलाकात की और अपनी मांग रखी. क्षत्रिय करणी सेना के द्वारा 48 घंटे का समय दिया था जो समाप्त हो चुका है. इधर एस एसपी से मुलाकात करने के बाद क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज सिंह शेखावत ने कहा कि हमने एसपी के सामने अपनी बात रखी हमने अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की वही उसके परिवार की सुरक्षा को लेकर



भी बात कही। साथी विनय सिंह के पत्नी को एक सरकारी नौकरी साथ ही उनके बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था करने के लिए प्रशासन और सरकार से हमने मांग की है. एसपी ने एक सप्ताह का समय लिया है एक सप्ताह के भीतर अगर अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होती है पूरे देश भर के क्षत्रिय जमशेदपुर पहुंचकर श्रद्धांजलि सभा आयोजन करेंगे तब पूरा शहर दिखेगा कि देश के क्षत्रिय की ताकत।

# वक्फ कानून के खिलाफ मुस्लिम संगठनों का प्रदर्शन

**उपराष्ट्रपति बोले- संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वालों को समझाना होगा, वरना कड़वी दवा का स्वाद चखना होगा**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** नए वक्फ कानून के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (AIMPLB) आज मंगलवार को दिल्ली में प्रदर्शन कर रहा है। वक्फ बचाव अभियान के तहत तालकटोरा स्टेडियम में तहफ्फुज-ए-औकाफ कारवां (वक्फ की हिफाजत) नाम से आयोजन हुआ है। कार्यक्रम में जमात-ए-इस्लामी हिंद समेत देशभर के मुस्लिम संगठनों के अध्यक्ष और प्रतिनिधि पहुंचे हैं। IMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी भी शामिल हुए हैं। बैठक में वक्फ कानून के खिलाफ आगे की कानून लड़ाई लड़ने को लेकर चर्चा हो रही है। सुबह 10 बजे से शुरू हुई बैठक करीब 2 बजे तक चलेगी।




इधर, वक्फ कानून के विरोध के बीच दिल्ली यूनिवर्सिटी के एक कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति बोले- लोकतंत्र में संविधान को चुनौती स्वीकार नहीं। सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वालों को समझाना होगा। अगर नहीं समझे तो कड़वी दवा का स्वाद चखना होगा। AIMPLB के वक्फ बचाव अभियान का पहला फेज 11 अप्रैल से शुरू हुआ, जो 7 जुलाई यानी 87 दिन तक चलेगा। इसमें वक्फ कानून के विरोध में 1 करोड़ हस्ताक्षर कराए जाएंगे, जो पीएम मोदी को भेजे जाएंगे। इसके बाद अगले फेज की रणनीति तय की जाएगी।

# पिता करते हैं सुरक्षा गार्ड की नौकरी, बरेली के बेटे ने पाया जेईई एडवांस्ड में स्थान

## घर की खराब परस्थिति, फिर भी बेटे ने नहीं छोड़ा आईआईटी का सपना

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

नोएडा/बरेली 22 अप्रैल। यह कहानी है अंश प्रताप की, उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के एक छोटे से मोहल्ले में रहने वाले एक ऐसे बेटे की, जिसका संघर्ष उसकी उम्र से कहीं बड़ा था। इस वर्ष जेईई मेन 2025 में 658वीं श्रेणी रैंक हासिल कर जेईई एडवांस के लिए क्वालिफाई किया है। यह उपलब्धि उनके जैसे छात्र के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो कठिन आर्थिक हालात के बावजूद लक्ष्य नहीं छोड़ते। राहुल के पिता एक सुरक्षा गार्ड की नौकरी करते हैं, जो अस्थायी और अनिश्चित आमदनी वाली है। परिवार बमुश्किल खर्च चला पाता है और ऐसे में कोचिंग की फीस भर पाना एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन पिछले वर्ष मोशन एजुकेशन से मिली 21,000 रुपए की छात्रवृत्ति ने उनके शैक्षणिक सपनों को जीवित रखा।



अंश प्रताप ने बताया कि यदि मन में लग्न और मेहनत हो तो आपको कोई भी परस्थिति आपके लक्ष्य तक पहुंचने से नहीं रोक सकती द्य मेरा लक्ष्य केवल पढ़ाई करना ही था, मैं निरंतर मेहनत कर के अपने लक्ष्य को हासिल किया है और मेरा सपना आईआईटी में जाने का है मोशन एजुकेशन और नितिन विजय सर को मैं धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने मेरे जैसे छात्र को इस योग्य समझा और मेरे को छात्रवृत्ति देकर मेरे लक्ष्य की ओर अग्रसर किया।

इस सफलता पर मोशन एजुकेशन के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी एनवी सर (नितिन विजय) ने कहा कि सफल होने के लिए टॉपर होना जरूरी नहीं, बल्कि सीखने की ललक, अनुशासन और हिम्मत होना चाहिए। हम मानते हैं कि हर छात्र में उज्ज्वल भविष्य की संभावना होती है। हम अपने छात्रों और शिक्षकों के इस अद्भुत प्रदर्शन पर गर्व महसूस कर रहे हैं। मोशन एजुकेशन का छात्र प्रथम, परिणाम द्वितीय सिद्धांत ऐसे ही छात्रों को अवसर देकर देश के भविष्य को आकार दे रहा है।



# झारखंड विधानसभा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा की वार्षिक आम बैठक आयोजित

**निजाम खान। राष्ट्र संवाद**



**रांची:** झारखंड विधानसभा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा की वार्षिक आम बैठक आयोजित हुई है।

बैठक की शुरूआत माननीय अध्यक्ष झारखंड विधानसभा सह सभापति राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखण्ड शाखा श्री रबीन्द्रनाथ महतो ने अपने प्रारंभिक वक्तव्य से शुरू की। सी पी ए॰ झारखंड शाखा के पूर्व माननीय सदस्य कृष्णानंदन झा एंव बच्चा सिंह के निधन पर दो मिनट मौन धारण भी किया गया ।

माननीय अध्यक्ष ने राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की स्थापना एवं संगठन की भूमिका के संबंध में कहा कि वर्ष 1911 में गठित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ 56 देशों का भव्य संगठन बनकर उभरा है जो संयुक्त राष्ट्र संघ के बाद दूसरा सबसे बड़ा संगठन है ,सुशासन लोकतंत्र एवं मानव अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए तथा कानून निर्माण के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है ।

माननीय अध्यक्ष ने यह भी कहा कि राष्ट्रमंडल संसदीय संघ जैसे बड़े संगठन में हम अपनी उपस्थिति दर्ज कराने तक सिमित न होकर,ऐसे सम्मेलन से राष्ट्र की तरक़्क़ी में हम अपनी भागीदारी किस तरह निभा पाये इस पर भी हमें सोचना चाहिए।

आगामी सम्मेलन के संबंध में उन्होंने बैठक में जानकारी दी कि 06 अक्टूबर से 13 अक्टूबर 2025 तक सी पी ए॰ का 68 वाँ सम्मेलन सम्मेलन बारबाडोस में आयोजित होगी ।

प्रभारी सचिव झारखंड विधानसभा सह सचिव राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा श्री माणिक लाल हेम्ब्रम बैठक में वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किए एवं जानकारी दी कि राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा के सदस्यों की संख्या वर्तमान में 137 है। उक्त बैठक में संसदीय कार्य मंत्री श्री राधाकृष्ण किशोर ,माननीय मंत्री श्री दीपक बिरूवा, माननीय सदस्य श्री चंदेश्वर प्रसाद सिंह ,माननीय सदस्य श्री जनार्दन पासवान, माननीय सदस्य डॉक्टर नीरा यादव,माननीय सदस्य श्री निरल पूरती, माननीय सदस्य श्री उमाकांत रजक, माननीय सदस्य श्री रामचंद्र सिंह, माननीय पूर्व सदस्य श्री दिनेश उराँव, माननीय पूर्व सदस्य श्री शशांक शेखर भोक्ता, माननीय पूर्व सांसद श्री पशुपतिनाथ सिंह सहित सी पी॰ ए झारखंड शाखा से जुड़े माननीय सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### इमरान आलम बने झारखंड प्रदेश सोशल मीडिया के सह संयोजक

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**



**गोड्डाः** आज युवा कांग्रेस के सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ता इमरान आलम को झारखंड प्रदेश सोशल मीडिया का सह संयोजक नियुक्त किया गया। इस अहम जिम्मेदारी को सौंपे जाने के बाद इमरान आलम ने पार्टी नेतृत्व का दिल से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कउ प्रभारी श्री कृष्णा अल्लावरू, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री उदय भानु चिब, सोशल मीडिया अध्यक्ष श्री मनु जैन, झारखंड प्रभारी सुश्री शशि सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी श्री मनीष तिवारी और प्रदेश अध्यक्ष श्री अभिजित राज का धन्यवाद किया। इसके साथ ही उन्होंने विशेष रूप से महागामा विधायक एवं झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह जी का भी आभार जताया, जिनके मार्गदर्शन और समर्थन से वे हमेशा प्रेरित होते रहे हैं। इमरान आलम ने कहा, ह्लमैं संगठन के प्रति पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ काम करते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी की नीति, विचारधारा और जनहित के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का भरपूर प्रयास करूंगा। यह मेरे लिए गर्व और सेवा का अवसर है।ह्व उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे अपने अनुभव, ऊर्जा और निष्ठा से युवा कांग्रेस के डिजिटल अभियान को और अधिक सशक्त बनाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### वरिष्ठ नागरिक काव्य मंच ने की ऑनलाइन काव्य गोष्ठी

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**




रांची-वनकाम झारखण्ड इकाई रांची की अप्रैल माह की गोष्ठी डॉ. नरेश नाज के सानिद्धय एवं संगीता सहाय की अध्यक्षता में गूगल मीट के माध्यम से सम्पन्न हुईमुख्य अतिथि थे पंजाब इकाई के अध्यक्ष राकेश मल्होत्रा। 17 रचनाकारों ने रचना पाठ कियो संगीता सहाय ने प्रतिभागियों का अभिनंदन किया।पूनम वर्मा ने सुंदर संचालन किया। निर्मला कर्ण ने सभी का धन्यवाद किया। अर्चना श्रीवास्तव ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

सुनीता श्रीवास्तव , सुनीता अग्रवाल , रश्मि सिन्हा , निर्मला कर्ण ,अनुपमश्री , कविता रानी सिंह , सुमिता सिन्हा , बिंदु प्रसाद ऋद्धिमा , उर्मिला सिन्हा , मोनिका प्रसाद , रंजना वर्मा , अर्पणा सिंह , निर्मला सिंह , रिम्मी वर्मा ,पूनम वर्मा संगीता सहाय एवं श्री राकेश मल्होत्रा ने काव्य पाठ कियो

### हनवारा के अन्नपूर्णा पेट्रोल पंप पर नायरा कंपनी की विशेष छूट योजना शुरू

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**



**गोड्डाः** महागामा प्रखंड के हनवारा स्थित नायरा कंपनी संचालित अन्नपूर्णा पेट्रोल पंप पर एक बार फिर उपभोक्ताओं के लिए खास ऑफर की शुरूआत की गई है। पंप के सेल्स ऑफिसर उदय प्रताप सिंह और पंप मालिक शिवनंदन सिंह ने जानकारी दी कि 1 अप्रैल 2025 से 30 जून 2025 तक ग्राहकों के लिए विशेष छूट योजना लागू की गई है। इस योजना के तहतः जो ग्राहक 600 से 2999 रुपये तक का पेट्रोल एक बार में भरवाते हैं, उन्हें प्रति लीटर 2 रुपये की छूट दी जा रही है। वहीं 3000 रुपये या उससे अधिक का पेट्रोल भरवाने पर प्रति लीटर 3 रुपये की छूट का लाभ मिलेगा। यह स्कीम पूरे दो महीने तक लागू रहेगी, जिससे स्थानीय उपभोक्ताओं को सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा।

**पहले भी मिले हैं आकर्षक इनामः फोर व्हीलर तक जीते उपभोक्ता**

पंप के संचालक कलीमुद्दीन एवं मैनेजर मिलन कुमार ने बताया कि नायरा कंपनी समय-समय पर ग्राहकों के लिए इस प्रकार की लाभकारी योजनाएं लाती रही है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी को किया गया प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित




राष्ट्र संवाद संः नीति आयोग( भारत सरकार) द्वारा संचालित आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत माह सितंबर 2024 से दिसंबर 2024 तक जोन छः में रामगढ़ प्रखंड के प्रथम स्थान आने तथा संबंधित पदाधिकारी द्वारा नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांकों पर उत्कृष्ट कार्य करने पर कमलेंद्र कुमार सिन्हा प्रखंड विकास पदाधिकारी, आशीष रंजन प्रखंड कृषि पदाधिकारी, अक्षय आनंद बीपीएम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ एवं गीतिल तिरिया( अझ) रामगढ़ को उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा द्वारा उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

नीति आयोग के प्रखंडों में जोन छह(बिहार/झारखंड) में रामगढ़ प्रखंड प्रथम स्थान एवं पूरे देश में 9वाँ स्थान प्राप्त किया है, जो कि इस प्रखंड के लिए गौरवशाली अनुभव है।

### देवघर विधायक ने वरीय पदाधिकारी के साथ की आवश्यक बैठक

**राष्ट्र संवाद संः** झारखंड विधानसभा की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष सह देवघर विधायक सुरेश पासवान ने मंगलवार को परिसदन दुमका में विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने विभागीय पदाधिकारियों को अपने प्रश्नों को समिति को लिखित में एवं सटीक उत्तर उपलब्ध कराने के निदेश दिया। समिति ने ग्रामीण विकास विभाग, सड़क, जल संसाधन, स्वास्थ्य, विद्युत, पंचायती राज, पर्यटन भूमि संरक्षण, विशेष प्रमंडल सहित कई विभागों की योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली। बढ़ती गर्मी को देखते हुए उन्होंने सुदूर क्षेत्रों में पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश संबंधित को दिया। इस दौरान उन्होंने जिलांतर्गत बनने वाले सड़क की जानकारी ली और निर्धारित समय अंतराल में पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में पर्यटन स्थल को विकसित करने की बात भी कही गई। मौके पर उप विकास आयुक्त, निदेशक आईटीडीए, अपर समाहर्ता सहित अन्य विभिन्न विभाग के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पर्यावरण को बचाएं, नदियों को न बांधें : सरयू राय

**आईआईटी (आईएसएम) और युगांतर भारती के बीच एमओयू**

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**




**धनबाद।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक और दामोदर बचाओ आंदोलन के प्रणेता सरयू राय ने कहा है कि नदियों को बांधा नहीं जाना चाहिए। उन्हें बांधने से, उन पर डैम बनाने से पर्यावरण पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। अब भारत समेत दुनिया भर में नदियों को बांधने पर जबरदस्त विरोध किया जा रहा है। वह आईआईटी (आईएसएम), धनबाद में विश्व पृथ्वी दिवस पर आईआईटी (आईएसएम), युगांतर भारती, मेल-हब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

सरयू राय ने कहा कि नदियों पर डैम बनाने के दुष्परिणाम धीरे-धीरे अब दुनिया के सामने आने लगे हैं और यही वजह है कि अब इनका विरोध दुनिया भर में हो रहा है। उन्होंने आईआईटी, आईएसएम जैसे संस्थान को प्रकृति के पैथोलॉजिकल टेस्टिंग सेंटर की तरह बताया जहां पर मानवीय गतिविधियों से पृथ्वी और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों का पता चलता है। श्री राय ने कहा कि आज पर्यावरण को सबसे ज्यादा खतरा मानवीय गतिविधियों से ही हो रहा है। यह इंसान ही है, जिसने प्रकृति का अपने हित के लिए दोहन किया और उसकी हालत खराब की।

इसके पूर्व झारखंड में पर्यावरण और जैव विविधता के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में संयुक्त रूप से प्रयास करने के लिए स्वयंसेवी संस्था युगांतर भारती और आईआईटी-आईएसएम धनबाद के बीच एमओयू हुआ। युगांतर भारती के अध्यक्ष अंशुल शरण और आईआईटी-आईएसएम धनबाद की तरफ से प्रोफेसर अंशुमाली ने एमओयू किया। इस ओमओयू का मकसद जैव विविधता के संरक्षण, शैक्षणिक जानकारी व रुचि की सामग्रियों के बारे में सूचना का आदान-प्रदान, संयुक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम, पर्यावरण मुद्दों पर सेमिनार, कार्यशाला, जागरूकता कार्यक्रम, व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना व स्वरोजगार उत्पन्न करना, शैक्षणिक साहित्य का आदान-प्रदान, संयुक्त परामर्श सेवाएं, अनुसंधान गतिविधियों और प्रकाशन संबंधित कार्य करना है। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर अशोक कुमार गुप्ता ने पीपीटी के माध्यम से ह्यट्रांसफॉर्मिंग एंड वेस्ट वाटर मैनेजमेंट इन इंडियाः एडवांसिंग सस्टेनेबिलिटी एंड एनर्जी एफिशिएंसी एप्रोचह्व विषय पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत व्याख्यान दिया।

आईआईटी-आईएसएम, धनबाद के डीन एस.के.गुप्ता ने कहा कि ज्ञान का विश्लेषण ही विज्ञान है। पहले किसी भी चीज की खोज होती है, उसके बाद उसपर रिसर्च होता है। रिसर्च के बाद ही उसका गुण-अवगुण हमारे सामने आता है। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है, जब हमें जीवाश्म ईंधन का विकल्प ढूंढना होगा। हमें नवीकरणीय ऊर्जा और अक्षय ऊर्जा जैसे प्राकृतिक विकल्पों की ओर मुड़ना होगा। तभी हम पृथ्वी को गर्म होने से बचा पाएंगे और यह धरा हमारे रहने लायक रहेगी। विशिष्ट अतिथि तथा भारतीय पुलिस सेवा से सेवानिवृत संजय रंजन सिंह ने आईआईटी-आईएसएम धनबाद की 100वीं वर्षगांठ पर संस्थान के सभी शिक्षकों और छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि धनबाद एक सुव्यवस्थित शहर था।

# शारीरिक भाव भंगिमा से चरित्र में प्रवेश करने की कला

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**




**जमशेदपुर।** सांस्कृतिक कार्य निदेशालय (पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार) एवं प्रतिष्ठित संस्था पथ - पीपुल्स एसोसिएशन फॉर थियेटर के संयुक्त तत्वावधान में चल रही 21 दिवसीय निःशुल्क नाट्य कार्यशाला अपने नवें दिन में ऊर्जा, रचनात्मकता और सीखने की भावना से सराबोर नजर आई ।नौवे दिन का मुख्य आकर्षण रहीं राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से स्नातक सुमन पूर्ति जी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों से कहा शारीरिक भाव भंगिमाओं से चरित्र में प्रवेश होने की कला एक अभिनय तकनीक है जिसमें अभिनेता अपने शरीर की भाषा और मुद्राओं का उपयोग करके चरित्र को जीवंत बनाने का प्रयास करता है। यह तकनीक अभिनेताओं को अपने चरित्र की भावनाओं, विचारों और व्यक्तित्व को दशार्ने में मदद करती है।, साथ ही उन्होंने प्रतिभागियों को रंगमंचीय अभिव्यक्तियों की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने बॉडी मूवमेंट की विभिन्न तकनीकों के माध्यम से यह बताया कि कलाकार अपने शरीर को किस प्रकार पहचान सकते हैं , बॉडी के स्टेट्स को कैसे समझें और किरदारों में परिवर्तन के समय किन-किन मानसिक और शारीरिक पहलुओं का ध्यान रखें। सुमन पूर्ति जी ने प्रतिभागियों के साथ व्यावहारिक सत्र भी आयोजित किए, जिसमें कलाकारों ने विभिन्न भाव-भंगिमाओं और मुद्राओं का अभ्यास किया। उन्होंने यह भी बताया कि मंच पर अभिनय करते समय शरीर का संतुलन, अंग संचालन एवं आंतरिक भावनाओं की प्रस्तुति किस प्रकार प्रभावशाली हो सकती है। कार्यशाला में अब कलाकारों ने कार्यशाला के अंतिम दिन मंचित होने वाले नाटक की तैयारियों को गति दी है। और नाटक के मुख्य वर्गों से परिचित कराया गया और उन वर्गों की गतिविधियां कराई गई ।इस कार्यशाला का उद्देश्य रंगमंच की नवोदित प्रतिभाओं को प्रशिक्षित करना तथा उनके भीतर छिपे अभिनय-कौशल को तराशना है। नौवें दिन की गतिविधियाँ दशार्ती हैं कि यह उद्देश्य सार्थक दिशा में अग्रसर है।

# पंचायत समिति की मासिक बैठक में अधिकारियों की गैरहाजिरी पर जताई नाराजगी

## बैठक निरस्त

**संवाददाता – ए बी सिद्दीकी**




मेहरमा प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में मंगलवार को प्रखंड प्रमुख कंचन कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित पंचायत समिति की मासिक बैठक अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण निरस्त कर दी गई। बैठक में कई विभागों के पदाधिकारियों के शामिल न होने पर पंचायत समिति सदस्यों ने गहरी नाराजगी जताई। प्रखंड प्रमुख कंचन कुमारी ने बताया कि सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय रहते पत्र के माध्यम से बैठक की सूचना दी गई थी, इसके बावजूद कई अधिकारी बैठक में शामिल नहीं हुए। इससे पंचायत समिति सदस्यों को विकास कार्यों की जानकारी नहीं मिल पाती है और योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न होती है। उप प्रमुख ब्रह्मदेव स्वर्णकार ने भी चिंता जाहिर करते हुए कहा कि यह समस्या कई बैठकों में लगातार देखी जा रही है। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता से जनप्रतिनिधियों की भूमिका प्रभावित हो रही है।बैठक में मौजूद पंचायत समिति सदस्यों ने चेतावनी दी कि यदि आगामी बैठकों में सभी विभागों के पदाधिकारी समय पर उपस्थित नहीं रहते हैं, तो वे धरना प्रदर्शन करने को विवश होंगे।

# महिलाओं को पोषण से संबंधित जानकारी अवश्य रखनी चाहिए : उपायुक्त

**राष्ट्र संवाद सं**




**जामताड़ाः** समाहरणालय में स्थित एसजीएसवाई प्रशिक्षण भवन सभागार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्रीमती कुमुद सहाय (भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में पोषण पखवाड़ा 2025 के जिला स्तरीय समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका विधिवत शुभारंभ उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

वहीं इस क्रम में उपायुक्त एवं अन्य अधिकारियों ने सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी खिंचवाकर एवं हस्ताक्षर अभियान में भाग लेकर लोगों को पोषण के महत्व को बताया।

**आज का स्वस्थ बच्चा कल का स्वस्थ भारत का भविष्य है – उपायुक्त**

इस अवसर पर उपायुक्त ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विगत 8 अप्रैल से चल रहे 7वें पोषण पखवाड़े का आज समापन हो रहा है, इस दौरान जिले भर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कुपोषण का प्रबंधन, स्वस्थ जीवनशैली जैसे बिंदुओं पर जोर दिया गया। उन्होंने अपील कर कहा कि भले ही यह पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम समाप्त हुआ है, लेकिन हम सबों को इस अभियान का हिस्सा बनकर यह शपथ लेना है कि जामताड़ा को कुपोषण मुक्त बनाएंगे। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि महिलाओं को पोषण से संबंधित जानकारी अवश्य रखनी चाहिए क्योंकि अधिकतर महिलाएं घर पर सभी के लिए भोजन बनाती हैं।

# गोड्डा जिले के थानों में आम जनता के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**गोड्डाः** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री अमिनेश नैथानी के निर्देश पर हनवारा, मेहरमा, ठाकुरगंगटी, बोआरिजोर सहित जिले के सभी थाना परिसरों में आम लोगों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है।इस पहल का उद्देश्य थाना आने वाले फरियादियों और आम नागरिकों को तपती धूप और गर्मी से राहत प्रदान करना है। थाना प्रभारियों ने बताया कि गर्मी के इस मौसम में थानों में आने वाले लोगों को पीने के ठंडे पानी की सुविधा मिलने से उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। पुलिस अधीक्षक श्री नैथानी ने कहा कि यह केवल एक छोटी सी पहल है, लेकिन इससे आम लोगों के प्रति पुलिस की संवेदनशीलता और सहयोग की भावना प्रदर्शित होती है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि शीतल पेयजल की यह सुविधा नियमित रूप से उपलब्ध रहे। यह कदम न केवल जनसुविधा की दिशा में सराहनीय प्रयास है, बल्कि पुलिस-पब्लिक संबंधों को मजबूत करने में भी सहायक सिद्ध होगा।

# धनबाद में ट्रैफिक चेकपोस्ट की हालत जर्जर अवस्था में घटना को दे रहा आमंत्रण




**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

धनबाद शहर के रंगाटांड़ बैंक मोड़ पूजा टॉकीज आदि जगहों पर ट्रैफिक पुलिस के लिए बनाए गए चेक पोस्ट की हालत जर्जर अवस्था में है कई वर्षों से इन चेक पोस्ट की मरम्मत रंग रोगन नहीं हुई है।

इस मामले में ना तो ट्रैफिक विभाग गंभीर है और ना ही जिला प्रशासन दिन प्रतिदिन धूप की तपिश बढ़ रही है और यातायात पुलिस के लिए बनाए गए चेक पोस्ट मैं किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं है ट्रैफिक जवान ने मीडिया को बताया की वर्षों से चेक पोस्ट की मरम्मत रंग रोगन नहीं हुई है जिस कारण चेक पोस्ट की हालत जर्जर अवस्था में है और ना ही किसी भी प्रकार की कोई सुविधा है बढ़ती हुई गर्मी के बीच चेक पोस्ट में बैठना दुश्वार हो रहा है वहीं इस मामले में ट्रैफिक विभाग पदाधिकारी ध्यान दे वही ट्रैफिक विभाग की ओर से अबतक जवान को धूप से बचाने के लिए छाता नहीं दिया गया ट्रैफिक जवान अपनी ड्यूटी निभा सके।

# अबुआ आवास योजना के लाभुकों का आबेदन लिखना महंगा पड़ा आनंद चौधरी को

**रानीश्वर ( दुमका )**



प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने मंगलवार पुलिस बल के साथ रानीश्वर बाजार के आनंद प्रसाद चौधरी उर्फ मंटू के घर पंहुच कर कई अबेदक का पीएम आवास एवं अबुआ अबास योजना के लाभुकों का आबेदन लिखने के संबंध में पूछताछ कर जानकारी लिया हैं ।आनंद ने बताया हैं कि वह आबेदन लिखने के लिये पचास रुपया लिखाई खर्च।लेता हैं ।बीडीओ ने बिना निबंधन के पैसा लेकर आबेदन लिखने को अपराध बताया हैं ।बीडीओ ने आनंद को पुलिस को सुपुर्द किया था ।बाद में लिखाई खर्च बापस कर चेतावनी देकर छोड़ दिया हैं ।आनंद ने बताया है की अब वह किसीका आबेदन नहीं लिखेगा । प्रखंड छेत्र में अधिकांश लोग दरखास्त नहीं लिख पता हैं ।प्रखंड के 4-5 लोग 50 से एक सौ लिखाई खर्च लेकर आबेदन लिखता हैं ।मंगलवार को आनंद के साथ हुई घटना के बाद यहां लोग दूसरे का2आबेदन पत्र नहीं लिखने का2 मन बना लिया हैं ।

# बाराद्वारी गांधी आश्रम जलहादसा पर विधायक पूर्णिमा साहू ने जिला उपायुक्त से की मुलाकात

## प्रभावित परिवारों के शीघ्र पुनर्वास और उचित मुआवजे की उठाई मांग

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

जमशेदपुर। बाराद्वारी स्थित देव नगर गांधी आश्रम में टाटा स्टील यूआईएसएल की हाई प्रेशर रॉ वॉटर सप्लाई पाइप फटने से हुए जल हादसे पर प्रभावित परिवारों की पीड़ा अब प्रशासनिक गलियारों तक पहुँच गई है। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा की विधायक पूर्णिमा साहू ने मंगलवार को जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल से उनके कार्यालय में मुलाकात कर पीड़ित परिवारों के शीघ्र पुनर्वास और उचित मुआवजे की मांग की। इस अवसर पर गांधी आश्रम के पीड़ित लोग भी मौजूद रहे। विधायक पूर्णिमा साहू ने उपायुक्त को अवगत कराया कि गांधी आश्रम में निवास करने वाले लोग समाज के सबसे कमजोर तबके से आते हैं, जो रोजमर्रा की जरूरतें बड़ी मुश्किल से पूरी करते हैं। ऐसे में जल हादसे ने उनके जीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। कई घरों की छतें टूट गईं, घरेलू सामान, किताब-कॉपी और राशन नष्ट हो गया, जिससे



दर्जनों परिवार दयनीय स्थिति में आ गए हैं।

मुलाकात के दौरान विधायक पूर्णिमा साहू ने अपील कि जिला प्रशासन इस मामले को मानवीय दृष्टिकोण के आधार पर प्राथमिकता के साथ लेते हुए पीड़ित परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था करें और घटना में हुई नुकसान की भरपाई के लिए उपयुक्त मुआवजा प्रदान करें, जिससे सभी पीड़ित परिवार अपने सामान्य जीवन की ओर लौट सकें। इस दौरान विधायक ने गांधी आश्रम के प्रभावित परिवारों की पूरी सूची जिला उपायुक्त को सौंपी।

वहीं, जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल ने आश्वस्त किया कि वे इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से ले रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रशासन सभी पहलुओं पर विचार कर रहा है और प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत एवं सहायता पहुंचाने हेतु हर आवश्यक कदम उठाये जाएंगे। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव, गांधी आश्रम के संतोष सेठ, धान सिंह, मितरू प्रधान एवं अन्य मौजूद रहे।

# हफीजुल हसन अंसारी को पद मुक्त करें मुख्यमंत्री : कुलविन्दर सिंह

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**जमशेदपुर।** कौमी सिख मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया है कि वह अपने मंत्रिमंडल से मंत्री हफीजुल हसन अंसारी को बाहर करें। कुलविंदर सिंह के अनुसार कोई संवैधानिक पद में रहकर संविधान की मूल भावना के खिलाफ कैसे बयानबाजी कर सकता है।

मंत्री हफीजुल हसन का यह कहना की शरीयत संविधान से ऊपर है, उसे भारत का कोई भी नागरिक स्वीकार नहीं कर सकता है?

मुख्यमंत्री जी किसी मुसलमान से पूछिए क्या वह माननीय मंत्री के बयान से इत्तेफाक रखता है, उसका जवाब भी ना में होगा।

मंत्री ने अपने बयान से झारखंड और झारखंडियों को शर्मशार किया है।



हफीजुल हसन अंसारी विधायक और मंत्री पद छोड़कर धार्मिक कार्य संपादित करें तब भी सच्चा मुसलमान उनके बयान को स्वीकार नहीं करेगा।

शर्म आती है कि अब मंत्री जी उन धार्मिक बाबा से प्रेरित है जो देश को एक धर्म विशेष राष्ट्र बनाने की वकालत सार्वजनिक रूप से करते हैं?

हफीजुल हसन मंत्री पद छोड़ें और वही काम करें, जिसे वह प्राथमिकता देते हैं।

कुलविंदर सिंह के अनुसार हफीजुल हसन अंसारी जैसे लोग धर्मनिरपेक्ष दल की ताकत को कमजोर करते हैं, और वास्तव में देश में बहुसंख्यक वाद की भावना को मजबूत करने को तेल, घी, पेट्रोल, खाद दे रहे हैं।

मंत्री पद पर काबिज ऐसे लोगों के उल्टे पुलटे बयान से ही समाज में तनाव, टकराव, नफरत का माहौल बनता है, सामाजिक सद्भाव और ताना-बाना को नुकसान पहुंचता है।

हफीजुल हसन अंसारी को इतनी समझ होनी चाहिए कि प्रतिनिधि मूलक लोकतंत्र में वोटो के ध्रुवीकरण और गोलबंदी के लिए जो बयान राजनीतिक विशेष दल के नेता दे सकते हैं वह विधायक मंत्री बनने के बाद किसी भी मूल्य पर स्वीकार्य नहीं हो सकते। विधायक, सांसद, मंत्री में लोकतांत्रिक संवैधानिक मूल्यों के प्रति समर्पण और लोक लज्जा होनी चाहिए। जो इस समय हफीजुल हसन अंसारी में नहीं है? ऐसे तत्वों का सभ्य समाज में पोषण और संरक्षण नहीं होना चाहिए।

# निजी स्कूल बना 'बैंक'? फीस में चक्रवृद्धि ब्याज वसूली पर भाजपा नेता अंकित आनंद के तीखे सवाल, शिक्षा मंत्री और उपायुक्त से की कार्रवाई की मांग

**राष्ट्र संवाद, संवाददाता**

जमशेदपुर के एक प्रतिष्ठित निजी स्कूल द्वारा विलंब से फीस जमा करने पर एक अभिभावक से ?17,000 की राशि चक्रवृद्धि ब्याज के रूप में वसूलने का मामला सामने आया है। इस गंभीर प्रकरण पर भाजपा नेता अंकित आनंद ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। अंकित आनंद, जो 'शिक्षा सत्याग्रह' नामक संगठन के माध्यम से वर्षों से अभिभावकों के हितों की पैरवी कर रहे हैं, ने सोशल मीडिया पर सवाल उठाते हुए लिखाः

₹क्या स्कूलों को बैंकिंग का लाइसेंस मिला है? फीस पर चक्रवृद्धि ब्याज वसूलना न केवल अवैध है, बल्कि अमानवीय भी है।₹

उन्होंने राज्य के शिक्षामंत्री रामदास सोरेन और पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को टैग करते हुए मामले की जांच के लिए समिति गठित करने और दोषी स्कूल पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

**प्रशासन हरकत में आया**

जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष पांडेय ने बताया कि मामले को आरटीई सेल ने संज्ञान में लिया है और संबंधित स्कूल को नोटिस जारी कर दिया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्कूल द्वारा इस तरह की ब्याज वसूली की प्रथा को समाप्त किया जाएगा। साथ ही, यह मुद्दा आगामी जिला स्तरीय फीस निर्धारण समिति की बैठक में प्रमुखता से उठाया जाएगा और दोषी स्कूलों पर जुमार्ना लगाया जाएगा।

भाजपा नेता अंकित आनंद ने जिला स्तरीय फीस निर्धारण समिति की बैठक में अनावश्यक देरी पर भी सवाल उठाते हुए शीघ्र बैठक बुलाने की मांग की है।



ANKIT ANAND @Anki... · 23s
चक्रवृद्धि ब्याज (Compound Interest) का अर्थ है ब्याज पर ब्याज प्राप्त करना. अक्सर यह बैंक अथवा सूद ब्याज पर पैसे लेनदेन करने वाले लोग प्रयोग में लाते हैं. चिंताजनक है कि अब यह परिपाटी जमशेदपुर के निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों के आर्थिक दोहन का माध्यम बन चुका है. (1/2)

ANKIT ANAND
@Ankitsatyagrahi
आज के दैनिक समाचार पत्रों में कुछ अभिभावकों की विवशता दर्शाती समाचार प्रकाशित है जिसमें एक नामचीन निजी स्कूल प्रबंधन ने समय पर फ़ीस भुगतान न होने पर चक्रवृद्धि ब्याज़ के रूप में ₹ 17000/- Fine लगाया है. क्या स्कूलों को बैंक का लाईसेंस है @Ramdassoren831 जी? @DCEastSinghbhum FYI.
Translate post



9:52 am · 22 Apr 25

# पीएम-ए.बी.एच.आई.एम एवं 15वें वित्त आयोग के तहत संचालित स्वास्थ्य योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**जमशेदपुर** ःउपायुक्त श्री अनन्य मित्तल के निदेर्शानुसार समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) एवं 15वें वित्त आयोग के तहत संचालित स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा बैठक आहूत की गई। उप विकास आयुक्त श्री अनिकेत सचान की अध्यक्षता में आहूत बैठक में वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में स्वीकृत स्वास्थ्य उप केन्द्र निर्माण एवं ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट के निर्माण कार्य के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई । उप विकास आयुक्त ने सिविल सर्जन एवं नगर निकाय के पदाधिकारियों से योजनाओं के



सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ली । उन्होने कहा कि जिन यूनिट्स का निर्माण कार्य अपूर्ण है उन्हें जल्द पूरा करायें तथा जिनमे निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है उसे योजनाबद्ध रूप से संचालन करें ताकि आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले। उन्होंने निर्देश दिए कि साप्ताहिक रूप से इन यूनिट्स की निगरानी किया जाए । वहीं जिन यूनिट्स का कार्य पूर्ण हो चुका है उनके उपयोगिता प्रमाण पत्र भी समर्पित करने की बात कही।

गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में लगभग 13 करोड़ 87 लाख रू. लागत की कुल 52 स्वास्थ्य उप केन्द्र निर्माण की योजना स्वीकृत की गई थीं जिनमें 29 योजना का कार्य पूर्ण हो गया है शेष में कार्य प्रगति पर है । एकरारनामा की प्रक्रिया में 1 योजना तथा जमीन की अनुउपलब्धता को लेकर एक योजना लंबित है, अन्य लंबित योजनाओं में लगभग 80 फीसदी कार्य पूर्ण हैं ।

ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट की कुल 8 योजनाओं में पोटका के हल्दीपोखर एवं बहरागोड़ा की कुल 2 योजना हैंडओवर की प्रक्रिया में है, व 5 में कार्य प्रगति पर है, एक योजना का शिलान्यास किया जाना है जिसे जल्द कराने का निदेश दिया गया ।

बैठक में सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल, अपर उपायुक्त श्री भगीरथ प्रसाद, उप नगर आयुक्त जेएनएसी श्री कृष्ण कुमार, जिला योजना पदाधिकारी श्री मृत्युंजय कुमार, जिला अभियंता, सहायक नगर आयुक्त मानगो नगर निगम श्री आकिब जावेद, सहायक नगर आयुक्त मानगो जुगसलाई नगर परिषद व अन्य संबंधित तकनीकी विभागों के अभियंता उपस्थित थे।

# लोयोला के छात्र ऋत्विक को यूपीएससी में 115वीं रैंक मिलने पर अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने दी बधाई

**राष्ट्र संवाद, संवाददाता**

लोयोला स्कूल, जमशेदपुर के पूर्व छात्र और स्पर्धा प्रकाशन की प्रकाशक प्रियंका वर्मा के पुत्र ऋत्विक ने मंगलवार को घोषित संघ लोक सेवा आयोग (वढरउ) की सिविल सेवा परीक्षा में ऑल इंडिया 115वीं रैंक हासिल कर जमशेदपुर ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड को गौरवान्वित किया है।

इस उपलब्धि पर अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने विशेष रूप से ऋत्विक को बधाई दी है।

सुधीर कुमार पप्पू ने कहा कि ऋत्विक अब भारतीय प्रशासनिक सेवा (कअर) में शामिल होकर देश की सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे राज्य के युवाओं को प्रेरणा देने वाली है।

ऋत्विक ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा लोयोला स्कूल, जमशेदपुर से प्राप्त की थी। इसके पश्चात उन्होंने



दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज से भूगोल विषय में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। वे दिल्ली में रहकर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे थे।

# उत्क्रमित उच्च विद्यालय आजाद बस्ती कालीमाटी में धूमधाम से मनाया गया पृथ्वी दिवस

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कालीमाटी में पृथ्वी दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने मिलकर पृथ्वी के संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक धनंजय श्रीवास्तव के प्रेरणादायक भाषण से हुआ।



उन्होंने छात्रों को पृथ्वी को बचाने और एक स्थायी भविष्य के निर्माण में अपनी भूमिका को समझने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, ₹हमारी पृथ्वी ही हमारा घर है और इसकी देखभाल करना हम सभी का परम कर्तव्य है। छोटे-छोटे प्रयास भी पर्यावरण संरक्षण में बड़ा योगदान दे सकते हैं।₹

इस अवसर पर छात्रों द्वारा एक आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसमें पृथ्वी की सुंदरता और उसके समक्ष मौजूद चुनौतियों को दशार्ते हुए नाटक, गीत और नृत्य प्रस्तुत किए गए। छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और कला के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रभावी ढंग से दिया।

# गुरु तेग बहादुर जी के 350 वें शहादत को समर्पित कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**साल भर आयोजित होंगे कार्यक्रम, 25 को साकची व 26 को जुगसलाई में सजेगा दीवान**

**जमशेदपुर।** सिखों के नवें गुरु तेग बहादुर जी के 350 वें शहादत को समर्पित कार्यक्रम शहर में पूरे साल भर तक आयोजित होंगे। इसे लेकर संस्था वीर खालसा सेवा दल से जुड़े लोगों ने मंगलवार को



बैठक की और इसकी रूपरेखा तैयार की।

तय हुआ कि कार्यक्रम की शुरूआत साकची एवं जुगसलाई में कीर्तन दरबार से होगी।

25 अप्रैल की सुबह एवं शाम का दीवान साकची गुरुद्वारा तथा 26 अप्रैल को सुबह एवं शाम का दीवान जुगसलाई स्टेशन रोड गुरुद्वारा में सजेगा। इसमें भाई रविंदर सिंह यूके वाले और हेड ग्रंथी सिंह साहिब बचितर सिंह शहादत का इतिहास और कथा से संगत को निहाल करेंगे।

इस बैठक में सुखविंदर सिंह, हरवीर सिंह, हरजीत सिंह, गुरविंदर सिंह, दविंदर सिंह, चरणजीत सिंह, सतबीर सिंह सोमु, प्रभजोत सिंह, महेंद्र पाल सिंह, श्याम सिंह, निशान सिंह, सतिंदर सिंह, चंचल सिंह आदि उपस्थित थे।

# लोयोला के छात्र ऋत्विक को यूपीएससी में 115वीं रैंक मिला

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

लोयोला स्कूल जमशेदपुर के पूर्व छात्र और स्पर्धा प्रकाशन की प्रकाशक प्रियंका वर्मा के पुत्र ने मंगलवार को घोषित हुए संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में ऑल इंडिया 115वीं रैंक हासिल कर जमशेदपुर सहित पूरे झारखंड को गौरन्वान्वित किया है अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने विशेष रूप से बधाई दिया।सुधीर कुमार पप्पू ने कहा अब वे आईएएस बनकर देश को अपनी सेवा देंगे।ऋत्विक ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई लोयोला स्कूल से करने के उपरांत दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज से भूगोल विषय से स्नातक किया था और वे दिल्ली से ही यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे थे।

अभी आईपीएस की ट्रेनिंग में हैं ऋत्विक ःइससे पूर्व ऋत्विक का



चयन यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा-2023 के द्वारा आईपीएस के लिए हो चुका था और वे फिलहाल सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी,हैदराबाद में आईपीएस प्रोबेशनर के रूप में ट्रेनिंग ले रहे हैं।विदित हो कि यूपीएससी की परीक्षा देश की सबसे कठिन परीक्षा मानी जाती है जिसमें लाखों छात्र शामिल होते हैं। ऋत्विक ने अपनी सफलता का श्रेय स्पर्धा प्रकाशन की पुस्तकों सहित अपनी माँ प्रियंका वर्मा तथा अपने पिता और पूर्व वन क्षेत्र पदाधिकारी एवं स्पर्धा प्रकाशन के निदेशक अजय कुमार के मार्गदर्शन को दिया है।ध्यातव्य हो की ऋत्विक के छोटे भाई वेदान्त मेहता ने भी यूपीएससी द्वारा आयोजित एनडीए की परीक्षा में ऑल इंडिया 29 वाँ रैंक पाया था और वे वर्तमान में सेना में कैप्टन के पद पर अंबाला कैंट में पदस्थापित हैं।

## सार-संक्षेप

### रंभा कॉलेज ऑफ नर्सिंग जीएनएम और एएनएम प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर आज रंभा कॉलेज ऑफ नर्सिंग के जीएनएम और एएनएम प्रथम वर्ष के छात्रों ने अपने सामुदायिक पोस्टिंग के दौरान एक सामुदायिक आधारित स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पृथ्वी ग्रह को संरक्षित और सुरक्षित रखने के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना था।

कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर के मार्गदर्शन में, निम्नलिखित छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ,सत्यम कुमार,जुलियानी सिन्कु,यशोदा महतो,यशवंती सिन्कु, दीपिका मोहंता,प्रीति बारिक,मीनू मंडल,प्रिया डे,

सुमना पात्र,शिव चरण,मीरा,माधुरी कुमारी।

यह आयोजन ₹हम पृथ्वी की देखभाल कैसे कर सकते हैं₹ विषय पर केंद्रित था। छात्रों ने स्थानीय समुदाय को विभिन्न पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं के बारे में शिक्षित किया, जैसेःप्लास्टिक के उपयोग को कम करना,पेड़ लगाना और हरियाली बनाए रखना,उचित कचरा अलगाव और पुनर्चक्रण,पानी और बिजली का संरक्षण,सार्वजनिक परिवहन और साइकिल चलाने को बढ़ावा देना,प्रदूषण से बचना और स्वच्छता को बढ़ावा देना।

### उत्क्रमित उच्च विद्यालय, लक्ष्मी नगर के विद्यार्थियों ने पर्यावरण आयाम के अंतर्गत मनाया पृथ्वी दिवस



**राष्ट्र संवाद, संवाददाता**

आज उत्क्रमित उच्च विद्यालय, लक्ष्मी नगर में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के पर्यावरण आयाम के अंतर्गत पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कागज से बने ठोंगे (थैले) तैयार किए और इन्हें आसपास की दुकानों में वितरित किया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य था - प्लास्टिक की खपत को कम करना, क्योंकि प्लास्टिक पर्यावरण और पृथ्वी दोनों के लिए अत्यंत हानिकारक है। विद्यार्थियों ने पृथ्वी संरक्षण विषय पर निबंध लेखन और चित्रांकन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इसके अतिरिक्त, प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों द्वारा पृथ्वी और पर्यावरण पर आधारित कविताओं का वाचन भी किया गया।

विद्यालय के विभिन्न शिक्षकों ने बारी-बारी से अपनी-अपनी कक्षाओं में अलग-अलग गतिविधियाँ आयोजित कराईं, जिससे विद्यार्थियों में माता पृथ्वी के प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता विकसित हो सके। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यार्थियों - विक्की कुमार, अनु कुमार, जाह्नवी कुमारी, रिया कुमारी और प्रेम कुमार - की सक्रिय सहभागिता रही। शिक्षिकाओं - डॉ. अनीता शर्मा, वंदना कुमारी एवं कुमकुम कुमारी - की भी सराहनीय भूमिका रही।

### विनय सिंह हत्याकांड पर सियासी उबालः रघुवर दास और अर्जुन मुंडा ने कानून-व्यवस्था पर उठाए सवाल



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

जमशेदपुर में क्षत्रिय करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष विनय सिंह की हत्या के बाद अभी तक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है, जिससे क्षत्रिय समाज में आक्रोश है। इस पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि राज्य में अपराध चरम पर है और मुख्यमंत्री को अपराध नियंत्रण पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि निवेश वहीं आता है जहाँ सुरक्षा हो।

पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने विनय सिंह के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना जताई। उन्होंने कहा कि यह घटना सामाजिक कार्यकताओं में भय का माहौल बना रही है और सरकार को पीड़ित परिवार की आर्थिक सहायता करनी चाहिए।

### उत्तम कुमार सिंह बने गुरु नानक मध्य विद्यालय मानगो के प्रधानाध्यापक



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

गुरु नानक मध्य विद्यालय, मानगो के शिक्षक उत्तम कुमार सिंह को विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रोन्नत कर प्रधानाध्यापक नियुक्त किया गया है। मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन की ओर से सचिव संतोख सिंह और सीजीपीसी अध्यक्ष सरदार भगवान सिंह ने श्री सिंह को औपचारिक रूप से प्रोन्नति पत्र सौंपा। उत्तम कुमार सिंह इससे पूर्व विद्यालय में सहायक शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। पूर्व प्रधानाचार्या सुरेंदर कौर के सेवानिवृत्त होने के बाद यह नई जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है।

इस अवसर पर विद्यालय के सचिव संतोख सिंह, सीजीपीसी के अध्यक्ष भगवान सिंह और मानगो गुरुद्वारा के महामंत्री जसवंत सिंह जस्सू ने उत्तम कुमार सिंह को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि श्री सिंह के नेतृत्व में विद्यालय शिक्षा और विकास के नए शिखर को छुएगा।

## संपादक की कलम से

# लोकतांत्रिक मूल्यों को लेकर टकराव नहीं, सार्थक बहस हो

देवानंद सिंह




भारतीय लोकतंत्र का ढांचा तीन प्रमुख स्तंभों ङ्क विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका पर टिका रहता है। संविधान निमार्ताओं ने इन तीनों को स्वतंत्र, लेकिन परस्पर संतुलित रखा ताकि कोई भी सत्ता केंद्रित न हो सके और ह्यलोकतांत्रिक गणराज्यह्ण की आत्मा बनी रहे। परंतु बीते दिनों हुए घटनाक्रमों और राजनीतिक नेतृत्व के कड़े बयानों ने इस संतुलन को गहरे सवालों के घेरे में ला खड़ा किया है।

दरअसल, पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई सांप्रदायिक हिंसा के बाद सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ वकील विष्णु शंकर जैन की याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच अधिकारों की सीमा पर गहन बहस देखने को मिली। याचिकाकर्ता की मांग थी कि केंद्र सरकार को पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने का निर्देश दिया जाए, साथ ही राज्य में पैरा मिलेट्री फोर्स की तैनाती सुनिश्चित की जाए। इस पर सुप्रीम कोर्ट की बेंच, जिसकी अध्यक्षता जस्टिस बीआर गवई कर रहे थे, ने तीखे व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, ह्लआप चाहते हैं कि हम राष्ट्रपति को आदेश दें? वैसे भी हम पर कार्यपालिका में हस्तक्षेप के आरोप लग रहे हैं।ह्व गवई देश के अगले मुख्य न्यायाधीश बनने वाले हैं, इसीलिए उनकी टिप्पणी बहुत मायने रखती हैं।

उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और कुछ भाजपा नेताओं ने न्यायपालिका पर विधायिका और कार्यपालिका के कार्यक्षेत्र में अतिक्रमण करने के आरोप लगाए हैं। उपराष्ट्रपति ने विशेष रूप से उस फैसले पर नाराजगी जताई, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति और राज्यपालों को निर्देश दिया था कि वे संसद या विधानसभा से दोबारा पारित विधेयकों को तीन महीने के भीतर मंजूरी दें। उनके अनुसार, यह निर्णय न केवल संविधान की मूल आत्मा के विपरीत है, बल्कि यह राष्ट्रपति जैसे संवैधानिक पद की गरिमा को भी कम करता है। यह पूरी बहस सिर्फ एक कानूनी प्रावधान या एक अदालती टिप्पणी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र के ताने-बाने, संवैधानिक संस्थाओं की भूमिका और लोकतांत्रिक जिम्मेदारियों के गहरे विमर्श का हिस्सा बन चुकी है।

दरअसल, संवैधानिक व्यवस्था और न्यायपालिका की भूमिका संविधान की प्रस्तावना में ह्यन्यायह्ण, ह्यस्वतंत्रताह्ण, ह्यसमताह्ण और ह्यबंधुताह्ण जैसे मूल्य शामिल किए गए हैं, जो न केवल नागरिकों के अधिकारों की गारंटी देते हैं, बल्कि संस्थाओं के दायरे भी स्पष्ट करते हैं। संविधान के अनुच्छेद 356 के अंतर्गत राष्ट्रपति शासन लागू करने की शक्ति केंद्र सरकार के पास है, जिसे राष्ट्रपति की अनुशंसा पर लागू किया जाता है, लेकिन इस प्रक्रिया की न्यायिक समीक्षा की भी व्यवस्था है ताकि किसी राज्य में केंद्र सरकार मनमाने ढंग से हस्तक्षेप न कर सके।

जब सुप्रीम कोर्ट में याचिकाकर्ता राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग करता है, तो न्यायपालिका के सामने यह संवैधानिक सवाल खड़ा होता है कि क्या वह कार्यपालिका को ऐसे निर्णय के लिए बाध्य कर सकती है? सुप्रीम कोर्ट की बेंच का यह कहना कि हम पर पहले से ही कार्यपालिका में हस्तक्षेप के आरोप लग रहे हैं, एक आत्मनिरीक्षण भी है और राजनीतिक बयानबाजी पर प्रतिक्रिया भी। क्या न्यायपालिका अतिक्रमण कर रही है? यह प्रश्न बार-बार उठाया जाता है कि न्यायपालिका कार्यपालिका और विधायिका के क्षेत्र में दखल क्यों देती है। परंतु यह भी सच है कि जब कार्यपालिका अपने दायित्वों का निर्वहन करने में विफल होती है, तब नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए अदालतें आगे आती हैं। उदाहरण के लिए, पर्यावरण संरक्षण, मानवाधिकार, जेल सुधार, महिला सुरक्षा, पुलिस सुधार जैसी कई जनहित याचिकाओं पर न्यायपालिका ने वर्षों तक ऐतिहासिक निर्णय दिए हैं, जिनका प्रभाव आम नागरिकों के जीवन पर पड़ा है।

उदाहरणस्वरूप, विश्वविद्यालयों में नियुक्तियों में पारदर्शिता, राजनीतिक अपराधियों की अयोग्यता, राजनीतिक दलों को फंडिंग की पारदर्शिता जैसे मामलों में न्यायपालिका के हस्तक्षेप से लोकतंत्र मजबूत हुआ है। ऐसे में ह्यअतिक्रमणह्ण का आरोप एकपक्षीय नजर आता है।

कार्यपालिका की विफलता और न्यायिक सक्रियता

जब प्रशासनिक तंत्र नागरिकों को मूलभूत सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और समानता उपलब्ध नहीं करवा पाता, तब न्यायपालिका को आगे आना पड़ता है। भारत में न्यायिक सक्रियता का यह स्वरूप 1980 के दशक में सामने आया, जब पीआईएल की शुरूआत हुई। उस समय यह एक माध्यम था, जिसके जरिए गरीब, वंचित, शोषित वर्गों की आवाज अदालत तक पहुंची।

लेकिन, आज जब अदालतें विधायिका या कार्यपालिका से जवाब मांगती हैं, तो उस पर ह्यओवररीचह्ण का आरोप लगाया जाता है। सवाल यह है कि क्या अदालतें मूकदर्शक बनी रहें, जब संवैधानिक मूल्यों का उल्लंघन हो रहा हो? राजनीतिक बयानबाजी बनाम संवैधानिक मयार्दा

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा न्यायपालिका के खिलाफ की गई टिप्पणी एक उच्च संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति की ओर से आई है, जिसे केवल राजनीतिक प्रतिक्रिया कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। परंतु इसी के साथ यह प्रश्न भी उठता है कि क्या यह टिप्पणी न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर एक दबाव बनाने की कोशिश है? संवैधानिक मयार्दा यह कहती है कि सभी संस्थाओं को अपने अधिकार क्षेत्र में रहकर कार्य करना चाहिए, और यदि कोई टकराव हो भी, तो उसे संवाद और सहमति से सुलझाया जाए। सार्वजनिक मंचों पर इस प्रकार की टिप्पणियां संस्थागत संघर्ष को बढ़ावा देती हैं। इन परिस्थितियों में संविधान की शिक्षा को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए, आम जनता और राजनीतिक नेतृत्व को संविधान की गहरी समझ होनी चाहिए, जिससे वे समझ सकें कि विभिन्न संस्थाओं की क्या सीमाएं और भूमिकाएं हैं। दूसरा, विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच समय-समय पर औपचारिक संवाद की व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे आपसी गलतफहमियों को सुलझाया जा सके। लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा का सम्मान होना चाहिए, सभी संस्थाओं को एक-दूसरे के अधिकारों का सम्मान करना चाहिए। न्यायपालिका की आलोचना यदि आवश्यक हो, तो तथ्यों और संविधान की सीमाओं में रहकर हो। न्यायिक जवाबदेही और पारदर्शिता जरूरी है। न्यायपालिका को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि उसका हस्तक्षेप संविधान की भावना के अनुरूप हो। न्यायिक पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

कुल मिलाकर, सत्ता का संतुलन ही लोकतंत्र की आत्मा है। भारत का लोकतंत्र केवल चुनाव और सरकारों की अदला-बदली तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संवैधानिक मूल्यों की निरंतरता, संस्थागत संतुलन और नागरिक अधिकारों की गारंटी से जुड़ा हुआ है। न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका ङ्क तीनों स्तंभों का एक-दूसरे के प्रति सम्मान और संवैधानिक मयार्दा में रहना लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। मुर्शिदाबाद की घटना एक राज्य विशेष की कानून-व्यवस्था का मामला हो सकता है, लेकिन इसके बहाने, जो संवैधानिक विमर्श शुरू हुआ है, वह पूरे लोकतंत्र के लिए जरूरी है। अगर, यह विमर्श बुद्धिमत्ता, मयार्दा और समझदारी के साथ आगे बढ़ता है, तो भारतीय लोकतंत्र न केवल मजबूत होगा, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्थायी मॉडल भी बनेगा।

# अमृत काल की अनुपम सौगात

> जो लोग अक्सर अपने काम के सिलसिले में लंबी दूरी की यात्रा करते हैं और जिनकी उतनी आय नहीं है, वे भी आधुनिक सुविधाओं व आरामदायक यात्रा के हकदार हैं। इन ट्रेनों को गरीबों के जीवन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है।
>
> श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री




> अमृत भारत ट्रेनें कम आय वाले और मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए हैं। ये बहुत सस्ती सेवा और बहुत उच्च गुणवत्ता वाली यात्रा का अनुभव प्रदान करेंगी।
> - श्री अश्विनी वैष्णव, रेल मंत्री

अमृत भारत 2.0 ट्रेन भारतीय रेल की आधुनिक पहल है। जो आम यात्रियों को कम किराए में बेहतर सुविधा, आराम और स्वदेशी तकनीक का अनुभव देती है। इस ट्रेन को विशेष रूप से मिडिल क्लास और अंत्योदय के लिए डिजाइन किया गया है। इसके कोच पूरी तरह से भारत में बने हैं और आत्मनिर्भर भारत की भावना को और मजबूती देते हैं।

अमृत भारत ट्रेन सुविधाजनक है। इसका लुक और डिजाइन भी अत्यंत आकर्षक है। ये किसी प्रीमियम ट्रेन जैसा अनुभव देती है। रेलवे की यह कोशिश है कि आम आदमी भी शान और आराम के साथ यात्रा कर सके और इसी सोच के साथ यह ट्रेन शुरू की गई है।

पर्यावरण के प्रति सजगता, ऊर्जा की बचत और यात्रियों की सुविधा- ये तीनों पहलू इस ट्रेन की पहचान हैं। यह ट्रेन देश के विकास की नई रफ्तार और बदलते भारत की झलक है।

तकनीक से बढ़ी सुरक्षा

अमृत भारत 2.0 ट्रेन में सुरक्षा और तकनीकी दृष्टिकोण से कई महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कपलर में क्रैश ट्यूब और एढ-असिस्टेड ब्रेक सिस्टम की सुविधा दी गई है, जिससे तेजी से ब्रेक लग सकेगा। ये पूरी तरह से सील्ड गैंगवे और वैक्यूम एवैक्यूशन सिस्टम से लैस है। हर कोच में टॉक बैक यूनिट तथा गार्ड रूम में रिस्पॉन्स यूनिट से यात्रियों की सुरक्षा को और मजबूत किया गया है। गैर-एसी कोचों में पहली बार फायर डिटेक्शन सिस्टम की सुविधा यात्रियों की सुरक्षा में नई क्रांति है।

हर स्थिति में आरामदायक यात्रा

अमृत भारत 2.0 के साथ भारतीय रेल में पहली बार ट्रेन में सेमी-ऑटोमैटिक काउपलर का उपयोग किया गया है। ट्रेन जुड़ते या अलग होते वक्त झटका नहीं लगता और ना ही आवाज आती है। इसमें लगा डिफॉर्मेशन ट्यूब किसी टक्कर की स्थिति में झटका कम कर देता है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा बढ़ती है। लोकोमोटिव के साथ यह रेक न केवल स्थिरता प्रदान करता है, बल्कि उच्चतम गति एवं बेहतर संचालन की क्षमता भी सुनिश्चित करता है।

रफ्तार के सारथी 2 इंजन

यह ट्रेन एक एलएचबी पुश-पुल ट्रेन है। बेहतर गति के लिए इसके दोनों सिरों पर इंजन लगे होते हैं, जिससे ऊर्जा की खपत कम होती है। ट्रेन तेजी से गति पकड़ सकती है और ब्रेक लगा सकती है। अधिकतम 130 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड इसे रफ्तार का सारथी बनाती है।

यात्री सुविधाओं की सौगात

2.0 ट्रेन को 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के साथ अपडेट किया गया है। इसके कोच में फोल्डेबल स्नैक्स टेबल, मोबाइल होल्डर, फोल्डेबल बॉटल होल्डर जैसी सुविधाएँ हैं। साथ ही, रेडियम इल्यूमिनेटेड फ्लोरिंग स्ट्रिप, 160डठ एयर स्प्रिंग बोगी जैसी सुविधा यात्रा को और भी आरामदायक बनाती है। प्रत्येक शौचालय में इलेक्ट्रो-न्यूमेटिक फ्लशिंग प्रणाली, ऑटोमेटिक सोप डिस्पेंसर और एरोसोल-आधारित फायर सप्रेशन सिस्टम जैसी सुविधाएँ दी गई हैं, जो स्वच्छता व सुरक्षा को प्राथमिकता देती हैं। हर यात्री के लिए फास्ट मोबाइल चार्जिंग पोर्ट, पेन्ट्री कार और बेहतर और आरामदायक सीट की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त दिव्यांगजनों के लिए विशेष शौचालय भी प्रदान किए गए हैं, ताकि सभी यात्रियों को समान सुविधा मिल सके।

एक नजर में

गति अधिकतम 130 किमी/घंटा
पूरी तरह सील गैंगवे
अधिक गद्देदार बर्थ
22 कोच वाली ट्रेन
मिडिल क्लास और अंत्योदत्य को तोहफा
1000 डट की यात्र करीब 450 रुपये में संभव

पहली बार

छ्लइ कोच में इमरजेंसी टॉकबैक सिस्टम
भारतीय रेल में सेमी-ऑटोमैटिक काउपलर टाइप 10 हेड
नॉन एसी कोच में फायर डिटेक्शन सिस्टम
भारतीय रेल में बाहरी इमरजेंसी लाइट्स
नॉन एसी कोच में फायर डिटेक्शन सिस्टम
नॉन एसी कोच में एढ-असिस्टेड ब्रेक सिस्टम

स्वदेशी अभियान

अमृत भारत ट्रेन मेक इन इंडिया प्रोग्राम के तहत इंटीग्रेटेड कोच फैक्ट्री में निर्माण किया गया है।

बिहार

दुनिया में ज्ञान की गंगा बिहार के नालंदा और विक्रमशिला से बही। वह बिहार जहां लोकगीतों की मिठास और माटी की सौंधी खुशबू अब भी आत्मा को छू जाती है। यहां का इतिहास जितना गौरवशाली है, भविष्य उतना ही संभावनाओं से भरा है। इस संस्कृति-समृद्ध भूमि के लोगों ने हर युग में भारत के निर्माण में योगदान दिया है। अब भारतीय रेल अमृत भारत ट्रेनों के जरिए उसे गति देते हुए आम आदमी को प्रीमियम यात्रा का अनुभव दे रही है। यह ट्रेन बिहार के मेहनती, संघर्षशील और सपनों से भरे यात्रियों के लिए सम्मान का प्रतीक बनकर आई है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 24 अप्रैल को बिहार को एक और नई उड़ान देने जा रहे हैं। मधुबनी से वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सहरसा से मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस तक चलने वाली अमृत भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। यह बिहार की दूसरी अमृत भारत ट्रेन होगी, जो उस बदलाव की गति को और तेज करेगी, जिसकी चाहत लंबे समय से इस राज्य के नागरिकों के दिल में रही है। जो बिहार की सांस्कृतिक राजधानी मिथिलांचल को भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई से सीधे जोड़ेगी।

बिहार की झोली में 2 अमृत ट्रेनें

दरभंगा से वाया अयोध्या आनंद विहार टर्मिनल (चल रही)
सहरसा से मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस (प्रस्तावित )

# बिहार को मिलेगी अमृत भारत एक्सप्रेस और नमो भारत रैपिड रेल की सौगात

**वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत का संगम बनेगा बिहार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत रैपिड रेल को आधुनिक भारतीय रेल की त्रिवेणी कहा है। इस त्रिवेणी की दो नई रेलगाड़ियां का परिचालन बिहार से होने वाला है। बिहार में पहले से ही कई वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन किया जा रहा है, जबकि एक अमृत भारतीय एक्सप्रेस का परिचालन पहले से दरभंगा और आनंद विहार टर्मिनल के बीच वाया अयोध्या किया जा रहा है। हाल ही में, रेलवे ने बिहार के लिए कई नई परियोजनाएं स्वीकृत की है। पर्याप्त फंड आवंटन से पुरानी परियोजनाओं के निर्माण काम में भी तेजी आई है जिसकी बदौलत परियोजनाएं द्रुत गति से पूरी हो रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार की ऐसी ही तीन परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित भी करने वाले हैं। नई गाड़ियों के परिचालन और नवनिर्मित परियोजनाओं के प्रारंभ होने से बिहार का रेल परिदृश्य पहले से और भी बेहतर हो जाएगा। परियोजनाओं में सुपौल पिपरा नई लाइन, खगड़िया अलौली नई लाइन और हसनपुर विथान नई लाइन शामिल हैं। इन नई लाइनों पर दो पैसेंजर गाड़ियों का परिचालन भी प्रारंभ किया जाएगा। लेकिन बिहार वासियों के बीच सबसे अधिक उत्साह नमो भारत रैपिड रेल और सहरसा से लोकमान्य तिलक के बीच प्रारंभ की जा रही है अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन को लेकर है।

नमो भारत रैपिड रेल वंदे भारत एक्सप्रेस के साथ ही ने भारत की नई पहचान बनी है। कम दूरी के शहरों के बीच विश्वस्तरीय रेल सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किए गए नमो भारत रैपिड रेल ने इंटरसिटी ट्रैवल के क्षेत्र में एक नया मुकाम गढ़ा है। पहले नमो भारत रैपिड रेल का परिचालन गुजरात के अहमदाबाद और भुज के बीच किया गया और अब दूसरी नमो भारत रैपिड रेल का परिचालन जयनगर और पटना के बीच किए जाने की घोषणा की गई है। पहले नमो भारत में जहां एयर कंडीशन्ड 12 कोच थे,वहीं बिहार की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जयनगर-पटना नमो भारत रैपिड रेल में 16 कोचों की व्यवस्था की गई है जिसमें 2000 से अधिक यात्री एक साथ सफर कर सकते हैं। नमो भारत रैपिड रेल जो मेड इन इंडिया कार्यक्रम के तहत बनाया गया है, कई नए सेफ्टी एवं पैसेंजर एमेनिटी फीचर से लैस है। इस ट्रेन में कवच सुरक्षा सिस्टम लगाया गया है। साथ ही सभी कोचों में सीसीटीवी तथा फायर डिटेक्शन सिस्टम भी इंस्टॉल किया गया है। आपातकालीन स्थिति में ट्रेन के मैनेजर से यात्री बात कर सकें, इसके लिए प्रत्येक कोच में आपातकालीन टॉकबैक सिस्टम भी लगाया गया है। वंदे भारत एक्सप्रेस की तर्ज पर नमो भारत रैपिड रेल में भी दोनों छोर पर लोको पायलट कैब लगाया गया है जिससे इंजन रिवर्सल की समस्या समाप्त हो गई है। इस ट्रेन में यात्रियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की एर्गोनॉमिकली डिजाइन सीटें लगाई गई है जो काफी कंफर्टेबल हैं। ट्रेन में यात्रियों की सुविधा के लिए टाइप सी और टाइप ए चार्जिंग सॉकेट लगाए गए हैं। ट्रेन के सभी टॉयलेट्स को आधुनिक वैक्यूम आधारित बनाया गया है। दिव्यांगों के लिए अलग से फ्रेंडली शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ट्रेन में ऑटोमेटिक दरवाजे और डस्ट प्रूफ शील्ड गैंगवे की व्यवस्था की गई है। ट्रेन में सेमी परमानेंट कपलर भी लगाए गए हैं। मेट्रो ट्रेन की तर्ज पर रेलवे ओपन लाइन में पहली बार हर कोच में रूट मैप इंडिकेटर की व्यवस्था की गई है जो यात्रियों को आने वाले स्टेशनों के संबंध में जानकारी देगी।

सहरसा से लोकमान्य तिलक टर्मिनस के लिए चलाई जाने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस देश की तीसरी अमृत भारत एक्सप्रेस है। पहले दो अमृत भारतीय एक्सप्रेस गाड़ियों का परिचालन दरभंगा से आनंद विहार टर्मिनल तथा मालदा टाउन से कर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरू के बीच में किया जा रहा है। इस अमृत भारत एक्सप्रेस को 130 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार के हिसाब से डिजाइन किया गया है। इस आधुनिक ट्रेन का निर्माण मेड इन इंडिया अभियान के तहत इंटीग्रेटेड कोच फैक्ट्री, श्री पेरम्बूर, चेन्नई में किया गया है। ट्रेन में पुश एंड पुल टेक्नोलॉजी है जिससे गाड़ी को दोनों दिशाओं में चलाया जा सकता है। वंदे भारत की तरह की सुविधा इस नॉन एसी एक्सप्रेस में उपलब्ध कराई गई है। इसके सभी कोच स्लीपर और नॉन एसी अनरिजर्व्ड क्लास के होंगे। इस ट्रेन में फोल्डेबल स्नेक्स टेबल मोबाइल होल्डर फोल्डेबल बॉटल होल्डर हवाई जहाज की तर्ज पर रेडियम एलिमिनेटेड फ्लोरिंग स्ट्रिप और स्प्रिंग बॉडी जैसी सुविधाएं दी गई है जिससे यात्रा अधिक आरामदायक होगी। इस ट्रेन के शौचालय में इलेक्ट्रो न्यूमेटिक फ्लशिंग प्रणाली लगाई गई है जिससे शौचालय को साफ सुथरा रखने में मदद मिलेगी और पानी का भी कम खर्च होगा सॉप डिस्पेंसर एवं एरोसोल आधारित फायर सप्रेशन सिस्टम भी लगाया गया है। यात्रियों और ट्रेन मैनेजर के बीच दो तरफ संचार के लिए प्रत्येक कोच में इमरजेंसी टॉकबैक सिस्टम है। सभी कोच में फायर डिटेक्शन सिस्टम लगाया गया है। भारतीय रेल के गैर एसी कोच में पहली बार फायर डिटेक्शन सिस्टम की सुविधा दी गई है। गाड़ी की सेफ्टी को बढ़ाने के उद्देश्य से ऑन बोर्ड कंडीशन मॉनिटरिंग सिस्टम लागू किया गया है जिसके माध्यम से रियल टाइम व्हीलल और बियरिंग निगरानी संभव हो पाएगी। रेलवे ने पिपरा और सहरसा के बीच नई पैसेंजर सेवा प्रारंभ करने का फैसला लिया है जो कि नवनिर्मित सुपौल पिपरा लाइन को भी जोड़ेगा इसी तरह समस्तीपुर और सहरसा के बीच एक नई पैसेंजर सेवा प्रारंभ की जा रही है जिसका परिचालन बिथान और अलौली के रास्ते होगा। इन सेवाओं के प्रारंभ हो जाने से उत्तर बिहार के लोगों खासकर मिथिला क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत होगी।

# धधकती धरती: विकास की दौड़ या विनाश की ओर?

योगेश कुमार गोयल

न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का निरन्तर बिगड़ता मिजाज गंभीर चिंता का सबब बना है। हालांकि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विगत वर्षों में दुनियाभर में दोहा, कोपेनहेगन, कानकुन इत्यादि बड़े-बड़े अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं किन्तु उसके बावजूद इस दिशा में अभी तक ठोस कदम उठते नहीं देखे गए हैं। दरअसल, वास्तविकता यही है कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रकृति के बिगड़ते मिजाज को लेकर चचाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराये जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चचाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों में जागरूकता पैदान करने तथा पृथ्वी को बचाने के लिए प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को ह्यविश्व पृथ्वी दिवसह्न मनाया जाता है।प्रकृति पिछले कुछ समय से बार-बार भयानक आंधियों, तूफान और ओलावृष्टि के रूप में यह गंभीर संकेत देती रही है कि विकास के नाम पर हम प्रकृति से भयानक तरीके से जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप मौसम का मिजाज कब कहां किस कदर बदल जाए, कुछ भी भविष्यवाणी करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते दुनियाभर में मौसम का मिजाज किस कदर बदल रहा है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तरी ध्रुव के तापमान में एक-दो नहीं बल्कि करीब 30 डिग्री तक की बढ़ोतरी देखी गई।

# डा सुधा नन्द झा ज्यौतिषी द्वारा प्रस्तुत मिथिला दैनिक राशिफल

डा सुधा नन्द झा



**मेष :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्धि कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-6-8

**मिथुन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-1-4-6

**कर्क :** राजकीय कार्यों से लाभ। सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

**सिंह :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-4-6-8

**कन्या :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-5-7-8

**तुला :** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक-2-5-7

**धनु :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-5-6

**मकर :** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-4-7-9

**मकर :** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-3-5-9

**मीन :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-8 इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शुभांक-3-5-7

**डा सुधा नन्द झा ज्यौतिषी जमशेदपुर झारखंड मो एवं वाट्सअप नंबर 9430336503**

# यूरेनियम नगरी जादूगोड़ा के रोहित कुमार गौरव ने यूपीएससी परीक्षा में 518वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**
**सुशील अग्रवाल**

जादूगोड़ाःयूरेनियम नगरी जादूगोड़ा के रोहित कुमार गौरव ने यूपीएससी परीक्षा में 518वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। रोहित यूसिल में लिखा विभाग के रमेश कुमार सिंह के पुत्र हैं। इस सफलता से पूरे जादूगोड़ा में खुशी का माहौल है। बधाई देने वालों का तांता लगा है। रोहित ने बताया कि वह पिछले 7 साल 2018से इस परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। वर्तमान में वह बेंगलुरु के स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक में कार्यरत हैं। नौकरी के साथ रोजाना 5 घंटे पढ़ाई करते थे। शनिवार और रविवार को 10 से 12 घंटे पढ़ते थे। उन्होंने कहा कि बचपन से ही सिविल सर्विस में जाने की इच्छा थी। वह फॉरेन सर्विस में जाकर देश की सेवा करना चाहते हैं।

रोहित की प्रारंभिक शिक्षा यूसील कॉलोनी स्थित परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय से हुई। 2007 में मैट्रिक परीक्षा में 89% अंक लाए।



12वीं में 81% अंक मिले। इसके बाद उन्होंने आईआईएम रायपुर से एमबीए किया। वहीं से यूपीएससी की तैयारी शुरू की। 2018 से लगातार परीक्षा दे रहे थे। छठे प्रयास में सफलता मिली। उन्होंने बताया कि उनके मित्र सौरभ गोयल ने उन्हें प्रेरित किया। सौरभ भी यूपीएससी पास कर आईआरएस में कार्यरत हैं। रोहित ने 7 साल से टीवी देखना लगभग बंद कर दिया था। पढ़ाई के अलावा फुटबॉल खेलना पसंद है। उन्होंने बताया कि इंटरव्यू में फुटबॉल से जुड़ा सवाल भी पूछा गया था। उन्होंने जवाब दिया कि देश में क्रिकेट का रुझान ज्यादा है, जबकि फुटबॉल कम खचीर्ला खेल है। इसके लिए लोगों को जागरूक करना जरूरी है।

रोहित ने कहा कि फॉरेन सर्विस में जाकर वह भारत को चीन और अमेरिका की तरह प्रगतिशील बनाना चाहते हैं। गरीबी कम करने और विदेशी निवेश बढ़ाने की दिशा में काम करेंगे। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, बहन और जीजा को दिया। पिता रमेश कुमार सिंह यूसिल के लेखा विभाग में कार्यरत हैं। 6 महीने बाद रिटायर हो रहे हैं। 32 साल से सेवा में हैं , मां ललिता देवी गृहणी हे, बहन रोशनी कुमारी,जीजा राकेश रंजन,का काफी मदद रहा।

पिता मां दुर्गा की भक्त हैं। गांधी मार्केट कमेटी में कई वर्षों से सचिव हैं। पिता ने कहा कि यह सफलता मां दुर्गा के आशीर्वाद से मिली है।

# प्रकृति दिवस में मौके पर कोल्हान स्तरीय मेंस्ट्रुअल सॉलिडरिटी इनिशिएटिव का शुभारंभ

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**गुड़ाबांधा / जमशेदपुर** : विश्व प्रकृति दिवस के अवसर पर समूचे विश्व में समुदाय को पर्यावरण संरक्षण को प्रेरित करने, प्राकृतिक संसाधनों को बचाने, रिसाइक्लिंग करने व मानवीय कार्यों से पर्यावरण का कम से कम नुकसान पहुंचाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रकृति दिवस के अवसर पर पूर्वी सिंहभूम जिले के सुदूरवर्ती प्रखंड गुड़ाबांधा स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय गुड़ाबांधा से कोल्हान स्तरीय मेंस्ट्रुअल सॉलिडरिटी इनिशिएटिव की शुरूआत की गई। सामाजिक संस्था निश्चय फाउंडेशन, प्रोजेक्ट बाला व क्यूआरजी फाउंडेशन के



संयुक्त तत्वाधान में मेंस्ट्रुअल सॉलिडरिटी इनिशिएटिव के माध्यम से किशोरियों व महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान रियूजेबल पैड के उपयोग को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। बताते चले कि सामान्य सैनिटरी पैड का निस्तारण अब इंसानों के लिए बड़ी समस्या बन कर उभर रहा है, कई रिपोर्ट्स के मुताबिक नैपकिन के नष्ट होने में सैकड़ों सालों तक का समय लगता है।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय गुड़ाबांधा में कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए सहायक शिक्षक नव कुमार गिरी ने सुदूर गांवों से आने वाली किशोरियों के स्वास्थ्य चुनौतियों व सैनिटरी पैड के उपलब्धता से जुड़े विषयों के बारे में बताया।

कार्यशाला में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधि रेखा मंडल ने किशोरियों को रियूजेबल पैड का उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। वहीं मौके पर उपस्थित किशोरियों ने एक पैड के बदले अपने अपने घरों में एक एक पेड़ लगाकर उसे बड़ा करने का भी संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उत्क्रमित उच्च विद्यालय गुड़ाबांधा के प्रभारी प्रधानाध्यापक जगदीश चंद्र महाली, सहायक शिक्षक नव कुमार गिरी, दीपक कुमार मंगल, अनुराग पांडे, कृष्णा हांसदा, विजन कुमार मलिक, काली किंकर भुइंया व अन्य शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## 118 परिवार को गाँव के ग्राम प्रधान द्वारा सामाजिक बहिष्कार करने का मामला अब तूल पकड़ने लगा

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

पूर्वी सिंहभूम जिला के डुमरिया गांव के 118 परिवार को गाँव के ग्राम प्रधान द्वारा सामाजिक बहिष्कार करने का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। बहिस्कृत ग्रामीणों के पक्ष मे आदिवासी सेंगल अभियान ने मोर्चा संभाला है। सेंगल अभियान द्वारा इस मामले मे जिला उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर ग्रामीणों पर अत्याचार करने वाले ग्राम प्रधान और उनके सहयोगियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।सेंगल अभियान का कहना है की ग्रामीणों को बहिष्कार करने के पीछे माझी परगना महाल संगठन के देश परगना मुख्य रूप से संलिप्त है। सेंगल अभियान ने इस मामले मे



अलग अलग क्षेत्र के लोगों का मांग पत्र के जरिये उपायक्त को सौंपा है। उनका कहना है समाज मे ऐसे लोगों द्वारा नशापान डायन प्रथा अन्धविश्वास को बढ़ावा देना, वोट की खरीद बिक्री जैसे कुप्रथाओं को आगे बढ़ाने का काम किया जाता है जो संविधान कानून एवं जनतंत्र के खिलाफ है। ऐसे माझी परगना महाल जैसे संगठनों पर प्रतिबंध लगाकर इनके समर्थकों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए।

# झारखंड पुनरुत्थान अभियान के बैनर तले चाईबासा में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**राष्ट्र संवाद, संवाददाता**

झारखंड पुनरुत्थान अभियान के तत्वावधान में सदर अनुमंडल कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन जिला संयोजक अमृत मांझी ने किया।

मुख्य वक्ता सन्नी सिंकु ने आरोप लगाया कि कोल्हान, पश्चिम सिंहभूम के जिला भू-अर्जन पदाधिकारी और सदर अंचल अधिकारी पारदर्शी और संवैधानिक प्रशासनिक मूल्यों की अवहेलना कर रहे हैं तथा निर्दोष आदिवासी मूलवासियों पर अन्याय कर रहे हैं। उन्होंने कोल्हान क्षेत्र की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और विशेष संवैधानिक प्रावधानों का हवाला देते हुए इन अधिकारों के संरक्षण की मांग की।

पूर्व राज्यसभा सांसद दुर्गा प्रसाद जमुदा ने कहा कि आदिवासी




समाज पंचशील सिद्धांत के अनुरूप विकास के लिए तैयार है, परंतु प्रशासनिक अधिकारी उनके संवैधानिक अधिकारों की अनदेखी कर रहे हैं। रैयत संघर्ष समन्वय समिति के अध्यक्ष सुमंत ज्योति सिंकु ने भू-अर्जन की वर्तमान प्रक्रिया की आलोचना करते हुए पूर्व अधिकारियों की कार्यप्रणाली को अधिक संवेदनशील बताया।

धरने में बलभद्र सवैया, घनश्याम गगराई, सुशील बारला, साधो देवगम, कोलंबस हांसदा, महेंद्र जमुदा समेत कई संगठनों के प्रतिनिधियों और सैकड़ों रैयतों ने भाग लिया। वक्ताओं ने ग्रामसभाओं की अनदेखी, भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी और अतिक्रमण पर कार्रवाई न होने जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

# सरायकेला में नातिनों ने की नानी की हत्या, थाना प्रभारी की लापरवाही पर उठा सवाल

**राष्ट्र संवाद, संवाददाता**

सरायकेला थाना प्रभारी की निष्क्रियता से एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की हत्या उसकी तीन नतिनियों ने कर दी. जिसके बाद इलाके के लोगों में घोर नाराजगी व्याप्त है. बता दें कि बीती रात सरायकेला थाना अंतर्गत जगरनाथ मंदिर के पास तनिषा खंडैत ने अपनी दो नाबालिक बहनों के साथ मिलकर अपनी नानी 70 वर्षीय सुमित्रा नायक की धारदार हथियार से हमला कर जान ले ली. मंगलवार सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस ने बुजुर्ग महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. वही तनीषा के साथ उसकी दो नाबालिक बहनों को पूछताछ के लिए अपने साथ थाने ले गई है. उधर घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है. स्थानीय लोगों ने बताया कि बीती रात घर में नोक- झोंक



हुई थी उसके बाद पुलिस आई थी, मगर घर वालों ने घरेलू मामला बता पुलिस को वापस भेज दिया. यदि पुलिस तत्परता दिखाती तो बुजुर्ग महिला की जान बच सकती थी. मिली जानकारी के अनुसार मृतका बेगनाडीह ठाटूपाड़ा की रहने वाली है. सोमवार को उसकी बेटी ने उसे मिलने के लिए सरायकेला अपने घर बुलाया था. सोमवार की रात करीब 10 बजे तीनो नतिनी और नानी के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद इसकी सूचना सरायकेला थाना को दी गई. सूचना पर पहुंची पुलिस को तनिषा खंडैत ने घर का मामला बताकर लौटा दिया. पुलिस के जाने के बाद घटना को अंजाम दिया. मंगलवार की सुबह पुलिस को घटना की सूचना मिली जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची. बताया जा रहा है कि घटना को अंजाम देने के समय जब घर वालों ने तनिषा को रोका तो अपने ऊपर मंगला मां का असर होने की बात कहकर उसे वापस जिंदा करने की बात कहकर किसी को कमरे में जाने नहीं दिया.

# छेड़खानी करने का विरोध करने पर हमला

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**गम्हरिया**।बीते सोमवार की रात गम्हरिया प्रखंड के टेटोपोसी गांव में शादी देखने गई युवती के साथ छेड़खानी करने का विरोध करने पर गांव के कुछ लोगों द्वारा लड़की के घर में घुसकर पूरे परिवार पर ईंट, पत्थर और धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। इस क्रम में दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिसमे दोनों पक्षों के दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। बताया गया है कि इस मारपीट में एक पक्ष से पांच लोग और दूसरे पक्ष से 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों में एक गर्भवती महिला भी शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सरायकेला पुलिस द्वारा सभी



घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भिजवाया। इसके अलावा करीब दस अन्य लोगों को हल्की चोटें आई है, जिसमे कई बच्चे भी शामिल हैं। घायल लोगों में मेहरू निशा, सबाना खातून, तरन्नुम खातून, यास्मीन परवीन, आफरीन परवीन, मरजिना खातून, सबनम खातून, शेख कुर्बान, समीर अंसारी, जुबेर अंसारी, जाफर अंसारी आदि शामिल है। घटना के सम्बंध में जानकारी देते हुए जाफर अंसारी ने बताया कि बीते रविवार को गांव के सदर की बेटी की शादी थी. उसकी बहन आफरीन परवीन और मरजीना खातून शादी देखने गई थी। शादी समारोह में शमसाद नमक युवक ने उसकी दोनो बहनों के साथ छेड़छाड़ कर दी। उसकी दोनो बहनों ने इस छेड़छाड़ की घटना के बारे में अपने घर में आकर बताया। उसके बाद उसका भाई जुबेर अंसारी युवक को समझाने गया, जिसके बाद शमसाद के साथ गांव के दूसरे लोगों ने जुबेर को धमकी देते हुए गांव छोड़ कर जाने की बात कही। तत्पश्चात, सोमवार की शाम शमसाद साहिल, लोहदा, अली असगर, हसन, पोंक, राजा एवं आलम के साथ जाफर के घर आया और मारपीट करने लगा। इस दौरान बीच बचाव करने आए घर के अन्य सदस्यों पर भी उन युवकों द्वारा ईंट, पत्थर, भुजाली और अन्य धारदार हथियार से वार करना शुरू कर दिया गया जिसमें परिवार के बच्चे सहित करीब 21 लोग घायल हो गए जिसमें ग्यारह लोगों को गंभीर चोटें आई है। घटना के बाद इसकी सूचना सरायकेला थाना को दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची सरायकेला पुलिस द्वारा सभी घायलों को सदर अस्पताल लेकर गई जहां उनका इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि गांव के दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर मारपीट हुई थी, जिसमे दोनों पक्षों से कुछ लोग घायल हुए हैं सदर अस्पताल में इलाज करवाया गया है। फिलहाल स्थिति सामान्य है।

## टाटा स्टील के द्वारा पोटका में स्लैग डंपिंग पर रोक लगाने की मांग

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**पोटका।** पोटका कुदादा मुख्य मार्ग पर पोटका थाना के समीप खेतिहर जमीन पर टाटा स्टील के द्वारा स्लैग डंपिंग किए जाने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आपत्ति जताया है। इस संबंध में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम हंसदा ने अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम को एक पत्र देखकर रोक लगाने की मांग किया है। श्री हंसदा ने मंगलवार को आयोजित एक प्रेस मीट में कहा कि खेतिहर जमीन में डस्ट स्लैग तथा कंक्रीट स्लैक डंपिंग से पर्यावरण को दूषित होने का खतरा बना हुआ है। कूदादा से बेगनाडीह तक यह मुख्य सड़क है जिसमें सैकड़ों गाड़िया हर समय चलती रहती है। जिससे आंखों में धूलकण फैलने का खतरा बना हुआ है। इसके अलावा जब वाहनों से स्लैग डंपिंग किया जाता है तो उसमें तिरपाल से ढका नहीं जाता है। जिस कारण स्लैग परिवहन में भी लोगों को परेशानी का सबब बना हुआ है। श्री हंसदा ने कहा है कि एक सप्ताह के अंदर यदि स्लैग डंपिंग बंद नहीं हुआ तो पोटका चौक पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रेस मीट में कांग्रेस के जिला सचिव जयराम हंसदा, जिला उपाध्यक्ष सुबोध सिंह सरदार, प्रखंड अध्यक्ष सौरव चटर्जी, मंडल अध्यक्ष लासा मुर्मू, प्रखंड सचिव सनातन मुंडा, पंचायत अध्यक्ष पदो हंसदा, शिबू सोरेन आदि उपस्थित थे।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर आनन्दमार्ग पिकेप ने किया पौधारोपण

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**गम्हरिया।**आनन्दमार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं पिकेप की ओर से पृथ्वी दिवस पर पद्मावत जैन सरस्वती शिशुविद्या मंदिर सीनी में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर विद्यालय व इसके आसपास के क्षेत्रों में करीब 200 पौधारोपण किया गया और लोगों के बीच पौधे वितरित किए गए। इस मौके पर आनन्दमार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल के बालचंद साहु ने बताया कि यह एक वैश्विक पहल है जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति जागरूकता फैलाना है। यह जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और वनों की कटाई जैसी समस्याओं के समाधान के लिए तात्कालिक कार्रवाई की आवश्यकता को



उजागर करता है और सभी व्यक्तियों, समुदायों और सरकारों को पृथ्वी को सुरक्षित रखने के लिए कदम उठाने के लिए प्रेरित करता है। कहा कि अब यह एक अंतरराष्ट्रीय आंदोलन बन चुका है जिसमें 190 से अधिक देश शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पृथ्वी दिवस का उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, जलवायु परिवर्तन से निपटने और जैव विविधता संकट को रोकने के लिए कार्रवाई को प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि हमारी पृथ्वी आज कुछ गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है। जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, वनों की कटाई और जैव विविधता की हानि कुछ ऐसे प्रमुख मुदे हैं जिनका समाधान हमे तुरंत करना चाहिए। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रंजीत कुमार ठाकुर, आचार्य परिवार के त्रिलोचन महतो, शेखर महतो, प्रदीप ज्योतिषी, लालमोहन महतो, प्रशांत कुमार मंडल, अजीत कुमार महतो, गोपी नाथ डे, फरजाना तबस्सुम, शांखी सोरेन, चंदना महतो, संध्या महतो, पूनम महतो, सुनीता महतो, शिल्पा प्रधान के अलावा विद्यालय के कई बच्चे उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### जोड़ा प्रखंड क्षेत्र मे 10घंटे के अंदर दो भीषण सड़क दुघर्टना



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**
**बड़बिल** -केंदुझर जिले के जोड़ा प्रखंड क्षेत्रो मे रोजमर्रा जानलेवा सड़क दुघर्टना घट रही है। बीते सोमवार की रात्रि 9बजे के आसपास मे जोड़ा डी ए भी पब्लिक स्कूल निकट फ्लाईओवर ऐप्रोच रोड़ निकट एक अज्ञात ट्रक के टक्कर मे दो मोटरसाइकिल बैठे 6व्यक्तियो मे से 3की मौत घटना स्थल पर ही हो गई।तथा तीन गंभीर रूप से घायल हो गए,जिसका इलाज जोड़ा के टाटा स्टील अस्पताल मे चल रहा है।प्राप्त जानकारी अनुसार जोड़ा फ्लाईओवर निकट दो बाईक की आमनेसामने से टक्कर हुई।इतने मे पीछे से आ रहे अज्ञात ट्रक सड़को पर गिरे बाईक चालक को रोदता हुआ चला गया। इस घटना के 10घंटे के बाद प्रातःकाल जोड़ा प्रखंड के बिलाइपदा चौक निकट एक कार को एक मालवाहक ट्रक ने पीछे से टक्कर मारी।कार आगे जा रहे बाईक चालक से जा टकराया इसके बाद आगे जा रहे ट्रक से कार के टक्कराने से कार का आगे भाग चकनाचूर हो गया। इस टक्कर मे बाइक चालक की मौत गाड़ी से कुचलने के कारण हो गई।प्रतिदिन घट रहे जानलेवा सड़क दुघर्टना को लेकर क्षेत्रवासियों मे आक्रोश देखा जा रहा। बार बार होने वाले सड़क दुघर्टना प्रशासन पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया।

### जे .जे .ए. सरायकेला जिला अध्यक्ष भाग्य सागर बने

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**
**चांडिल** मुझे प्रसन्नता है कि पत्रकारों के विशाल संगठन जे जे ए में मुझे एक बार और जिला अध्यक्ष का दायित्व दिया गया।उक्त बाते नव मनोनित जिला अध्यक्ष भाग्यसागर सिंह ने विज्ञप्ति जारी कर कही.उन्होंने कहा संगठन के शीर्ष वरीय पदाधिकारियों के इस विश्वास तथा संगठन के सभी साथियों का जो विश्वास एवं



सहयोग मुझ पर पहले था आगे भी रहेगा तो अवश्य मैं अपना दायित्व निर्वहन कर सकूंगा। बिना सभी के सहभागिता के संगठन को सक्रिय नहीं किया जा सकता है।

मुझे जो दायित्व दिया गया है उसका मात्र मै एक माध्यम हूं, जिला समिति के सभी साथी उस पदभार के अपने को अधिकारी समझें। संगठन के शीर्ष कमेटी के निदेर्शानुसार जिला कमेटी के सभी साथियों की सर्वसहमति से संगठन को सशक्त करने तथा सक्रिय करने का हम सभी मिल कर कार्य करेंगे।

### झींकपानीःनवागांव में बन रहे एकलव्य विद्यालय में कार्यरत मजदूरों के साथ जिला परिषद सदस्य जॉन मिरन मुंडा ने की बैठक



**राष्ट्र संवाद संवाददाता रामगोपाल जेना**
**चाईबासा** झींकपानी प्रखंड अंतर्गत नवागांव में बन रहे एकलव्य विद्यालय में कार्यरत मजदूरों के साथ जिला परिषद सदस्य जॉन मिरन मुंडा ने बैठक किया। मजदूरों का आरोप है कि हमें मजदूरी 400 रुपया दिया जा रहा है जबकि केंद्र सरकार का मजदूरी ज्यादा है। जॉन मिरन मुंडा ने कहा कि आज कहीं भी मजदूरों को सरकार का निर्धारित मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। राज्य में पलायन एक गम्भीर मामला बन चुका है इसका मुख्य कारण मजदूरों को कम मजदूरी मिलना है। सरकार विकास के नाम पर राशि खर्च कर रही है लेकिन उस विकास में मजदूरों का हक को मारा जा रहा है। मजदूरों का कोई भविष्य नहीं दिख रहा आज मजदूर को बंधुआ मजदूर के रूप में माना जाता है। सभी मजदूरों ने तय किया कि जबतक मजदूरी तय नहीं होता तबतक काम बंद रहेगा।

### अर्थ डे पर दयावती मोदी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**
**चांडिल उमेश नगर**, - दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में 'अर्थ डे' के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने चांडिल डैम रोड स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सामने, कदमदीह दुगार्पूजा प्रांगण सहित विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया।

छात्रों ने नुक्कड़ नाटकों के जरिए पर्यावरण पर मंडरा रहे खतरों को दशार्या और लोगों को इसके संरक्षण के लिए प्रेरित किया। नाटकों में विभिन्न प्रकार के स्लोगन और फैंसी ड्रेस का उपयोग कर पृथ्वी संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य श्री शंपा बनर्जी एवं शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम को देखकर स्थानीय लोगों ने छात्रों की पहल की सराहना की .

### 14.93 करोड़ से कटिया खुचीडीह पुलिया का शिलान्यास विधायक द्वारा

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**
**चांडिल** मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत चांडिल प्रखंड के कटिया ग्राम से खुचीडीह को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण पुलिया 14.93 करोड़ की लगत से बनने वाला , का भूमि पूजन ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने विधिवत नारियल फोड़कर किया. विधायक ने मौके पर बताया इस योजना का शिलान्यास विधान सभा चुनाव पूर्व हो होना था लेकिन चुनावी अधिसूचना जारी हो गई थी, मुख्य मंत्री सेतु योजना अंतर्गत पुल के बन जाने से खुचीडीह के ग्रामीणों को चांडिल मुख्यालय जाने के लिए 20 किलो मीटर घूमने के बजाय 3 किलोमीटर की दूरी तय कर पहुंचेंगे,पुल 2 वर्षों में लगभग बन जाएगा.

# मुर्शिदाबाद डायरी : हिंसा के बाद लड़की वालों ने कर दिया गांव में शादी से इनकार

## कहा- कितने दिन सुहागन और आबरू सलामत रहेगी, भरोसा नहीं

### चूल्हे पर पक रहा था चावल लेकिन जान बचाने के लिए एक कपड़ा लेकर नदी में कूदना पड़ा ओम पराशर

**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले की साम्प्रदायिक हिंसा ने सिर्फ दो लोगों की जान नहीं ली, बल्कि सैकड़ों सपनों, घरों और रिश्तों को भी बर्बाद कर दिया है। यहां बेलगाम वर्ग विशेष की भीड़ की ओर से हिंदू समुदाय के घरों पर किए गए हमले, आगजनी और तोड़फोड़ ने यहां के लोगों के सपनों को भी चकनाचूर करना शुरू कर दिया है। यहां तक कि लोग अब अपनी बेटियों की शादी भी इन गांवों में नहीं करना चाहते, जो हिंसा के चपेट में रहे हैं। बेतबोना गांव के हत्याकांड ने जहां राज्य सरकार की व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं वहीं इसने आम लोगों की ज़िंदगी में ऐसा भूचाल ला दिया है, जिसकी गूंज अब झारखंड तक पहुंच चुकी है। इस हिंसा के बाद जिस तरह एक के बाद एक परिवार उजड़ गए, वह किसी त्रासदी से कम नहीं। एक ऐसे ही मंजर की दास्ता सुनने को मिली जहां मां की आंखों में आंसू थे, जब उसने बहुत भरे मन से बताया कि उसके बेटे कार्तिक दास की तय शादी अब टूट चुकी है। मौके पर पहुंची हिन्दुस्थान समाचार की टीम से हाथ जोड़कर कार्तिक की मां कहती हैं, हां, शादी टूट गई है। झारखंड के जिस घर में शादी तय हुई थी, अब वो लोग बुरी तरह डर गए हैं। कह रहे हैं कि ऐसे अशांत गांव में बेटी नहीं देंगे। भरोसा नहीं है कि वह कितने दिन सुहागन और उसकी आबरू सलामत रहेंगी।



इस मां की आवाज में दर्द साफ झलक रहा था। उन्होंने बताया कि शादी के लिए पंडाल बुक हो चुका था। बैंड-बाजे को ऑर्डर दिया जा चुका था, शादी के कार्ड छप चुके थे। लेकिन फिर दुल्हन के पिता गांव आकर बोले, नहीं... अब यहां शादी नहीं होगी। आप लोगों के गांव में दंगे हो रहे हैं। लड़की के पिता ने कहा, दामाद की जिंदगी का कोई भरोसा नहीं। बेटी की शादी और आबरू बचेगी, इसका भी भरोसा नहीं। शादी बिल्कुल नहीं करेंगे

एक कपड़े में जान बचाकर भागे...कार्तिक दास का ही नहीं, बेतबोना गांव के दर्जनों परिवारों की हालत लगभग इसी तरह से संगीनों के साए में रही है। जिस समय हमला हुआ, एक घर में चावल पक रहे थे। लेकिन वह खाना वहीं छोड़, जान बचाने के लिए पूरे 15 लोगों को एक कपड़े में घर छोड़ना पड़ा। एक ने अपनी बेटी की शादी के लिए सालों से जोड़े हुए डेढ़ लाख रुपये के गहने और सामान खो दिए। उनके घरों पर हमले करने वाले उनके पड़ोसी मुस्लिम समुदाय की भीड़ ने घरों में घुसकर हर कीमती चीज उठा ले गए। कुछ परिवार ऐसे थे जिन्हें नदी पार कर, बच्चों को गोद में उठाकर, जान हथेली पर रखकर मालदा के वैष्णवनगर में शरण लेनी पड़ी।

पेट में लात मारी... बच्चे को लेकर भागे...एक पीड़ित महिला ने मालदा के राहत शिविर में रोते हुए बताया, मेरे पेट में लात मारा... बच्चे को गोद में लेकर जैसे-तैसे भागे हैं। अब क्या खाएंगे? अपने गांव लौटने में डर लग रहा है। पुलिस पर बिल्कुल भरोसा नहीं। बीएसएफ हमें कब तक बचाएगी? ये सिर्फ एक परिवार की कहानी नहीं, ऐसी कई कहानियां हैं जो मुर्शिदाबाद के बेतबोना गांव से पलायन करने की मजबूरी समेटे हुए हैं। खुद की ही ज़मीन पर अब ये लोग बेघर हैं, निर्वासित हैं। परिवार, सपने और सम्मान–सब कुछ पीछे छूट गयावैष्णवनगर के परलालपुर हाई स्कूल में बना राहत शिविर आज बेतबोना के दर्जनों लोगों की शरणस्थली बन गया है। यहां रह रहे प्रामाणिक परिवार के 15 सदस्य एक ही कमरे में किसी तरह जी रहे हैं। वहीं बानवासी मंडल की तीन बेटियों समेत नौ सदस्य एक साथ खौफ और चिंता के बीच जिंदगी बसर कर रहे हैं। उनके चेहरे पर एक ही सवाल है – क्या हम फिर कभी अपने घर लौट कर बिना डर के जी पाएंगे? मुर्शिदाबाद की यह हिंसा एक प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि मानवीय त्रासदी बन चुकी है जिसमें न सिर्फ खून बहा, बल्कि भरोसा, रिश्ते और भविष्य भी जलकर राख हो गया है।

## उत्तराखंड के चारों धाम में गैर हिंदू का प्रवेश हो वर्जित: आनंद स्वरूप

**हरिद्वार,एजेंसी।** काली सेना प्रमुख व शांभवी पीठाधीश्वर स्वामी आनंद स्वरूप महाराज ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र भेजकर उत्तराखंड के चारों धामों में गैर हिन्दुओं के प्रवेश को वर्जित किए जाने की मांग की है। पत्र में काली सेना प्रमुख ने कहा है कि उत्तराखंड इस समय भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में आस्था के एक केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। यहां के चारों धाम बदरीनाथ, केदारनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री में लाखों की संख्या में लोग देश-विदेश से दर्शन करने आते हैं। सुरक्षा के लिहाज से गैर हिंदुओं का प्रवेश बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि अगर चारों धामों में गैर हिंदू अपने साथ कुत्ते और घोड़े के साथ कोई आतंकवादी वारदातों को अंजाम दे दे तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इससे सरकार की जहां वैश्विक स्तर पर फजीहत और बेइज्जती होगी वहीं हिंदू समाज के प्रति एक कलंक का बीज पैदा होगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह मक्का मदीना में हिंदुओं को नियमानुसार जाने की इजाजत है, उसी प्रकार आप चारों धामों में गैर हिंदुओं का प्रवेश बंद करने के निर्देश जारी करें। सरकार की ओर से यह निर्देश जारी किया जाए कि चारों धामों में हिंदू ही प्रसाद या अन्य प्रकार की दुकानें खोल सकते हैं। उन्होंने कहा कि मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै पीठ ने तमिलनाडु सरकार को साफ तौर पर हिंदू धर्म की रक्षा के लिए धारा 25 और 26 के तहत हिंदू मंदिरों में गैर हिंदुओं का प्रवेश वर्जित किया है। इसके अतिरिक्त दर्जनों ऐसे मंदिर हैं, जहां गैर हिन्दुओं का प्रवेश वर्जित है।



## तमिलनाडु के कुछ इलाके में बारिश, मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह

**चेन्नई,एजेंसी।** दक्षिण एवं उत्तर तमिलनाडु के आंतरिक जिलों के कुछ क्षेत्रों में सोमवार को बारिश हुई, जबकि उत्तरी तमिलनाडु के बाकी क्षेत्रों और पुडुचेरी के कुछ तटीय जिलों में मौसम शुष्क रहा। मौसम विभाग की रिपोर्ट के बाद स्थानीय प्रशासन ने मछुआरों को तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में न जाने की सलाह दी है।मौसम विभाग के मुताबिक कोविलपट्टी में आज 3 सेमी, इलयानगुडी में 2 सेमी, कामुदी एआरजी में 01 सेमी वर्षा दर्ज की गयी। वेल्लोर का अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस और करूर परमती का न्यूनतम तापमान 23.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तमिलनाडु के आंतरिक जिलों के मैदानी इलाकों में तापमान 37-40 डिग्री सेल्सियस, दक्षिण तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में 34-36 डिग्री सेल्सियस, पुडुचेरी और उत्तर तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में 35-38 डिग्री सेल्सियस और पहाड़ी क्षेत्रों में 21-28 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।21 व 22 अप्रैल को तमिलनाडु और पुडुचेरी में एक या दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। 23 से 27 अप्रैल तक तमिलनाडु और पुडुचेरी में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। 21 से 25 अप्रैल तक तमिलनाडु और पुडुचेरी में कुछ स्थानों पर अधिकतम तापमान सामान्य से 2-3 डिग्री सेल्सियस अधिक हो सकता है। चेन्नई और आसपास के इलाकों में मंगलवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

## पलवल: सरकारी राशन बेचने के आरोप पर डिपो धारक के खिलाफ एफआईआर

**पलवल,एजेंसी।** खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर के निर्देश पर एक डिपो धारक के खिलाफ सरकारी राशन बेचने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है है।



पलवल के गांव नागलिया में डिपो चलाने वाले सुरेश कुमार पर सरकारी गल्ला ब्लैक में बेचने की शिकायत स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि ने की थी। प्रतिनिधि ने मंत्री राजेश नागर को दी शिकायत में दावा किया था कि उन्होंने डिपो धारक द्वारा सरकारी राशन भरकर कहीं बेचने की कोशिश करते रंगे हाथ पकड़ा था और उसकी गाड़ी भी जब्त कर पुलिस को शिकायत दी। इस बात के संज्ञान में आते ही मंत्री राजेश नागर ने स्थानीय पुलिस को डिपो धारक के खिलाफ पर्चा दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी और जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ विभागीय और कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस बारे में खाद्य आपूर्ति विभाग के आला अधिकारियों को भी सूचना दे दी गई है। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार सर्वजन की सरकार है। इसमें किसी को भी हेरा फेरी नहीं करने दी जाएगी। उन्होंने लोगों से कहा कि वह अपने हक के लिए आवाज़ उठाएं और हेरा फेरी करने वालों को हम किसी प्रकार से बख्शने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने राशन डिपो से वितरित होने वाले गल्ले को समय पर आपूर्ति करने की दिशा में बहुत काम किए हैं। इसके लिए सभी कॉर्पोरेशन और विभाग के बीच में सहयोग की व्यवस्था बनाई गई है। जिससे कि लोगों को समय पर उनका राशन तेल आदि मिल सके। उन्होंने कहा कि इस बारे में कोई भी अपनी शिकायत लेकर उनसे कभी भी मिल सकता है।

## स्पीति घाटी के भू-स्तंभों पर राज्यपाल को भेंट किया मोनोग्राफ

**धर्मशाला,एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की स्पीति घाटी के भू-स्तंभों की पारंपरिक प्रथाओं का दस्तावेजीकरण करने वाला एक मोनोग्राफ राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला को भेंट किया गया। यह प्रकाशन भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत न्यास (इनटैक) द्वारा प्रकाशित किया गया है, जिसमें इस क्षेत्र की अनूठी सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं पर प्रकाश डाला गया है। इस मोनोग्राफ को औपचारिक रूप से मालविका पठानिया द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस प्रकाशन के लेखक इनटैक के प्राचार्य मनु भटनागर और डॉ. सुमेश एन. दुदानी हैं। दोनों ने स्पीति घाटी की सांस्कृतिक विरासत पर गहन शोध किया है। इस अवसर पर सांसद राजीव भारद्वाज और विधानसभा सदस्य रणबीर सिंह निक्का भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने स्पीति क्षेत्र की समृद्ध, कम ज्ञात परंपराओं को प्रकाश में लाने के लिए इनटेक और लेखकों के प्रयासों की सराहना की और भावी पीढ़ियों के लिए ऐसी स्वदेशी विरासत को संरक्षित करने के महत्व पर बल दिया।



## मणिपुर में केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के 8 कैडर गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार बरामद




**इंफाल,एजेंसी।** मणिपुर पुलिस ने इंफाल वेस्ट के वांगोई इलाके से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक कैडर उमनंदा शरंगबम (37, निवासी हाओरेबी अवांग लाईकाई) को गिरफ्तार किया है। मणिपुर पुलिस के आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। एक अन्य अभियान में हीरोक-III, थौबल जिले में वाईबीसी क्लब के पास तलाशी चलाया गया जिसमें सात और कैडर पकड़े गए, जिसमें एक नाबालिग शामिल है।पकड़े गए कैडरों में वैखोम डिंकू (28), मयंगमयुम रिबाज खान उर्फ पैट (41), अंगोम बोबी उर्फ वाटबा (33), निंगथौजम चोबा सिंह उर्फ हिंगचबा (38), लैशंगथेम टोंबा उर्फ थाबल मैतेई (25), मोहम्मद सिराजुद्दीन उर्फ खाम (45) और एक किशोर शामिल हैं। इनसे बरामद सामग्री में एक इंसास रूल्ल, दो इंसास राइफल, एक कार्बाइन, एक एमए3 एमके-11 राइफल, एसएलआर की मैगजीन, 5.56मिमी की 76 गोलियां, 69 गोलियां 9मिमी की, 3 एसएलआर गोलियां, 13 गोलियां .303 की शामिल हैं। इनके अलावा दो राउंड चार्जर, 11 एंड्रॉयड मोबाइल, दो कीपैड मोबाइल, तीन रेडियो हैंडसेट, दो रेडियो चार्जर, तीन पिस्टल होल्स्टर शामिल भी है। जबकि एक दोपहिया वाहन, एक चारपहिया वाहन, पांच आईडी कार्ड, एक डेबिट कार्ड, एक चेक, 38 केसीपी बैज, चार एमपीए बैज भी बरामद किए गए हैं। इसके साथ दो स्टांप पैड के साथ 20 रुपये नेपाली मुद्रा, 34 रुपये नकद, 11 पि-कैप, दो नी गार्ड, दो बेल्ट, 14 कैमोफ्लेज टी-शर्ट, एक जैकेट, 12 पैंट, नौ बैग, आठ जोड़ी जूते और कुछ दस्तावेजी साहित्य भी मिला है।

## भूमि अधिग्रहण भूमि संबन्धी प्रकरणो के निस्तारण के सम्बंध में अधिकारियों के साथ बैठक कर की गई समीक्षा मंडलायुक्त

राष्ट्र संवाद संवाददाता

शशि भूषण दूबे कंचनीय/मोहम्मद अमीन शेख

**मीरजापुर** । मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में निर्माण परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण एवं भूमि संबन्धी अन्य प्रकरणो के निस्तारण के सम्बंध में समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में मण्डल की उन परियोजनाओ की समीक्षा की गयी जिनकी प्रगति भूमि सम्बन्धी प्रकरणो से आच्छादित होने के कारण प्रभावित है। जनपद सोनभद्र मे लोक निर्माण विभाग की सड़को पनारीटोला से चोरपनिया, तिलहर सम्पर्क मार्ग, पटवध से वसुहारी, चोपन महलपुर से परसोई, करगरा से अलार तथा पनारी से करीं बकिया के निर्माण मे वन भूमि पड़ रही है। ओबरा सी ताप विद्युत परियोजना के राख बाध निर्माण परियोजना में 64 हे0 वन भूमि प्रस्तावित है। उप जिलाधिकारी, ओबरा व घोरावल तथा



प्रभागीय वनाधिकारी कैमूर एवं ओबरा वन प्रभाग व रेनूकूट वन प्रभाग के उप प्रभागीय वनाधिकारियो को इन प्रकरणो को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित कराने का निर्देश मण्डलायुक्त ने दिया। उन्होंने जनपद मिजार्पुर व सोनभद्र मे निर्माण हेतु प्रस्तावित चुनार चोपन दोहरीकरण रेल परियोजना तथा सोनभद्र मे प्रस्तावित प0 दीनदयाल उपाध्याय प्रयागराज तीसरी रेल परियोजना मे प्रभावित कास्तकारो को मुआवजे का भुगतान तथा भूमि पर रेलवे को त्वरित कब्जा दिलाने हेतु उपजिलाधिकारी मीरजापुर सह विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी मिजार्पुर, सोनभद्र को निर्देश दिया गया। मण्डलायुक्त ने सोनभद्र के सभी उपजिलाधिकारियो को निर्देशित किया कि वन विभाग को परियोजनाओ में पड़ने वाली भूमि के समतुल्य भूमि उपलब्ध कराने के प्रयोजन से तहसील के लैण्ड बैंक का विवरण तैयार कर एक सप्ताह के अन्दर मुख्य वन संरक्षक व संयुक्त विकास आयुक्त को उपलब्ध करा दिया जाय।

मण्डलायुक्त ने आम घाट क्रासिंग के पास सम्पार संख्या 03 पर रेल ओवर सेतु तथा विकास खण्ड छानबे मे गंगा नदीपर रामपुर घाट पर पक्के पुल निर्माण मे प्रभावित कास्तकारो को मुआवजा भुगतान व अअंश निर्धारण की कार्रवाई प्राथमिकता पर कराने हेतु उप जिलाधिकारी सदर को निर्देश दिया। उन्होंने गंगा नदी रामपुर घाट पर पक्के पुल निर्माण कार्य मे भदोही जनपद के प्रभावित कास्तकारो की अंश निर्धारण सूची 03 दिनो मे परियोजना प्रबंधक सेतु निगम को उपलब्ध कराने के निर्देश नायब तहसीलदार को दिया।

## छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कार्यकारणी की बैठक में शामिल तनवीर अहमद

राष्ट्र संवाद संवाददाता कमाल अहमद

**रायपुरः-छत्तीसगढ़** प्रदेश कांग्रेस कार्यकारणी की बैठक प्रदेश कांग्रेस के सम्माननीय अध्यक्ष श्री दीपक बैज की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।बैठक में ए आई सी सी के महासचिव पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल,नेता प्रतिपक्ष और जनप्रिय नेता डॉ चरणदास महंत,तनवीर अहमद प्रदेश सह प्रभारीगण विशेष रूप से उपस्थित थे ।बैठक में संविधान बचाओ अभियान पर विशेष रूप से चर्चा की गई।



## नेशनल हेराल्ड दलितों एवं बंचितो की आवाज रही है उसके विरुद्ध ईडी जांच के नाम पर सोनिया राहुल को बदनाम करना राजनीतिक साजिश -सुधाकर चमार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

शशि भूषण दूबे कंचनीय/मोहम्मद अमीन शेख

### ईडी केन्द्र सरकार की कठपुतली बनकर काम कर रही है -पप्पू प्रजापति

मिजार्पुर। नेशनल हेराल्ड मामले में यूपीए चेयरपर्सन एवं कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को ईडी द्वारा लम्बे समय तक पूछताछ करने और उनको चार्जशीटेट करने के भाजपा की केन्द्र सरकार के मंसूबे को कांग्रेसी जन जागरण करके जनता के समक्ष जन जागरण करते रहेंगे। उक्त बारे में रावर्टसगंज सुरक्षित क्षेत्र से दो बार 1999 एवं 2007 में लोकसभा





चुनाव लड़ें एआईसीसी के पूर्व सदस्य एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य सुधाकर चमार एवं ओबीसी के मिजार्पुर जिले के वरिष्ठ नेता रमेश चंद्र प्रजापति पप्पू भैया होटल पप्पू में पत्रकारों से खास बातचीत करते हुए उन्होंने नेशनल हेराल्ड एवं ईडी चार्जशीट पर विस्तार से चर्चा किया प्रस्तुत है उनके खास विचार।

पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सुधाकर चमार ने कहा कि नेशनल हेराल्ड 1937 से प्रकाशित होकर स्वतंत्रता संग्राम में सेनानियों के संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिया है ऐसे न्यूज पेपर जिसके संस्थापक देश के स्वतंत्रता सेनानी रहे हैं और उसके हिन्दी अखबार नवजीवन एवं यंग इण्डिया जैसे न्यूज पेपर सदैव दलितों एवं बंचितो पिछड़ों की आवाज उठाते रहे ऐसे न्यूज पेपर्स के नाम घोटाला एवं 2000 करोड़ के हेराफेरी का आरोप लगाकर उसके मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को बदनाम करने की साज़िश भाजपा की सुनियोजित राजनीतिक कुचक्र है।

ओबीसी के वरिष्ठ नेता एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य रमेश चंद्र प्रजापति पप्पू ने कहा कि ईडी चार्जशीट दाखिल करके केन्द्र सरकार की कठपुतली बन गई है। जबकि वह सच्चाई से परे है और झूठ का पुलिंदा है। उन्होंने कहा कि इस मामले का मुंहतोड़ जबाब कांग्रेसी देने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि यदि सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी के सम्मान के खिलाफ कोई कदम ईडी उठायेगी तो कांग्रेसी जेल भरो आंदोलन भी करना पड़े तो पीछे नहीं हटेंगे।

## जुरिया, बरपेटा और ग्वालपाड़ा में कांग्रेस का टिकट बिक्री केंद्र : पीयूष हजारिका

### भाजपा के पंचायत चुनाव मैनेजमेंट कमेटी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**गुवाहाटी,एजेंसी।** भाजपा की पंचायत चुनाव प्रबंधन समिति के मुख्य कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर मंत्री पीयूष हजारिका ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पंचायत व्यवस्था में भ्रष्टाचार को लाइसेंस देने की कोशिश कर रही है और पार्टी टिकटों की खुलेआम बिक्री कर रही है। मंत्री हजारिका भाजपा की पंचायती चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक हैं। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, हर कोई जानता है कि कांग्रेस कहां पंचायत चुनाव के टिकट बेच रही है - जुरिया, धिंग, लाहरीघाट, बरपेटा, धुबड़ी आदि कांग्रेस की टिकट बिक्री के केंद्र बन गए हैं। इससे साफ है कि कांग्रेस पार्टी किसके लिए और क्यों काम कर रही है। उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा को जनता का अपार समर्थन मिल रहा है, जिसका उदाहरण है कि कई सीटों पर भाजपा-नीत एनडीए उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। हजारिका ने विश्वास जताया कि शेष सीटों पर भी एनडीए को निर्णायक जीत मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी



बीटीआर (बोडोलैंड टेरिटोरियल रीजन) चुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चित है और 11 महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनावों में भी पार्टी ऐतिहासिक सफलता दर्ज करेगी। उन्होंने भाजपा की मजबूती का श्रेय राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया के नेतृत्व को दिया, जिनके मार्गदर्शन में पार्टी एक सशक्त संगठन बनी है।

# दो व्यक्तियों के शव पाए जाने के मामले में पुलिस द्वारा 24 घंटे के अंदर 1 अपराध कर्मी गिरफ्तार

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर

बरौनी थानान्तर्गत हरपुर ढाला के समीप वास्तु विहार के पीछे खेत में 02 व्यक्तियों का शव पाये जाने के मामलें में पुलिस टीम के द्वारा 24 घंटे के अन्दर घटना का किया गया उमेदन। घटना में संलिप्त 01 अपराधकर्मी गिरफ्तार। 02 लोहे का हथौड़ा, 02 मोबाईल, 02 मोटरसाईकिल एवं 01 बैग जिसमें खून लगा बेडसीट, गमछा, तकिया बरामद

घटना बरौनी थानान्तर्गत दिनांक-21.04.25 को हरपुर ढाला के समीप वास्तु विहार के पीछे खेत में अमन कुमार व चमन कुमार दोनों पे०-विपिन कुमार चौधरी सा०-दादपुर थाना-भगवानपुर (तियाय) जिला-बेगूसराय की हत्या कर एक पॉलीथीन सीट में बाँधकर फेंक दिया गया था जिस संबंध में मृतक के परिजन के द्वारा दिये गये आवेदन पर बरौनी थाना कांड सं0-67/25 दिनांक-22.04.25 धारा-103(1)/61 (2)/3 (5) बी०एन०एस० अंतर्गत कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया

पुलिस अधीक्षक बेगूसराय के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-02, बेगूसराय, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तेघड़ा डॉक्टर रविंद्र मोहन प्रसाद एवं बरौनी थाने की पुलिस टीम व जिला आसूचना ईकाइ बेगूसराय के द्वारा तकनीकी अनुसंधान व सूचना / आसूचना संकलन करते हुए घटना में संलिप्त अभियुक्त विवेक कुमार पे०-हर्ष चौधरी सा०-दादपुर थाना-भगवानपुर (तियाय) जिला-बेगूसराय



वर्तमान पता-चाणक्य नगर वार्ड नं0 -38 थाना-नगर जिला-बेगूसराय को उसके घर से पकड़ा गया।

पुलिस टीम के द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया की अमन कुमार व चमन कुमार दोनों पे०-विपिन कुमार चौधरी सा०-दादपुर हमेशा पैसे के लेन-देन को लेकर तंग करते हुए पैसा मांगते रहता था उसी कारण दिनांक-20.04.25 को दिन में जब अमन कुमार व चमन कुमार मोटरसाईकिल से इनके तिलरथ स्थित फार्म हाउस (डेरा) पर पहुँचे थे तो योजना अनुसार जब अमन कुमार कुछ सामान लाने के लिए डेरा से दुकान पर गये तो उसी दौरान उसके छोटे भाई चमन कुमार के सिर पर हथौड़ा से वार कर मार दिये तथा थोड़ी देर बाद जब बड़ा भाई अमन कुमार पहुँचा तो उसे भी मौका देखकर एक दूसरे हथौड़ा से वार कर मार दिये तथा दोनो भाईयों के शव को प्लास्टिक में बाँधकर छिपाने के उद्देश्य से रात्रि में करीब 02:30-03:00 बजे (अट) में मोटरसाईकिल से ले जाकर हरपुर ढाला के समीप वास्तु विहार के पीछे खेत में फेक दिये एवं इनके मोटरसाईकिल को सिंघौल थानान्तर्गत महादपुर के पास छोड़ दिये, करीब 500 मीटर आगे खेत में जाकर मृतक का मोबाईल व नगर थाना अन्तर्गत जेल गेट निकट कचड़ा वाले स्थान पर 01 बैग में खून लगा हुआ बेडसीट, गमछा, तकिया व अन्य सामान को बैग में भरकर फेक दिये। तत्पश्चात पुलिस टीम के द्वारा इनके निशानदेही पर तिलरथ स्थित फार्महाउस से घटना में प्रयुक्त 02 लोहे का हथौड़ा, अभियुक्त का 01 मोटरसाईकिल (जिसपर खून लगा हुआ) एवं

सिंघौल थाना क्षेत्र से मृतक का 01 मोटरसाईकिल, खेत से मृतक का 02 मोबाईल एवं नगर थाना अन्तर्गत जेल गेट निकट कचड़ा वाले स्थान से 01 बैग जिसमे खून लगा हुआ बेडसीट, गमछा, तकिया व अन्य सामान बरामद किया गया जिसे विधिवत जप्त किया गया तथा पकड़ाये अभियुक्त विवेक कुमार को विधिवत गिरफ्तार करते हुए विधि-सम्मत आवश्यक अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार किए गएविवेक कुमार पे०-हर्ष चौधरी सा०-दादपुर थाना-भगवानपुर (तियाय) जिला-बेगूसराय वर्तमान पता-चाणक्य नगर वार्ड नं0-38 थाना-नगर जिला-बेगूसराय का रहने वाला है।

## बाल संसद और मीना मंच का गठन कर बच्चों को दी गई कार्य एवं कर्तव्य की जानकारी

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर

**बाल मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई**

तेघड़ा प्रखंड अंतर्गत संस्कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मघुरापुर में मंगलवार को बाल संसद और मीना मंच का गठन हुआ। मौके पर बाल मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

प्रधानाध्यापिका मुनचुन कुमारी के साथ विद्यालय के शिक्षकों ने पौधारोपण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विद्यालय प्रधानाध्यापिका मुनचुन कुमारी का स्वागत बच्चों ने गुलाब का फूल देकर किया। ईको और यूथ क्लब के सदस्यों ने रंगोली बनाई। बाल संसद के संयोजक और शिक्षक शंभू कुमार साह ने सभी बाल मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री के रूप में




हर्ष कुमार ने शपथ ली। शिक्षा मंत्री बने नवजोत कुमार सहित उप शिक्षा मंत्री , खेल मंत्री , उप खेल मंत्री,पुस्तकालय और विज्ञान मंत्री , जल मंत्री ,स्वास्थ्य मंत्री ,बाल सुरक्षा मंत्री सहित 12 मंत्रियों को शपथ दिलाई गई।मीना मंच की अध्यक्ष बनीं वर्षा कुमारी, सचिव बनीं तान्वी कुमारी, एवं सलोनी कुमारी उपसचिव के रूप में चयनित की गई। प्रधानाध्यापिका एवं शिक्षक शंभू कुमार साह ने बताया कि बाल संसद का गठन बच्चों की सर्वांगीण विकास के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चों में जीवन कौशल का विकास करने ,नेतृत्व एवं निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करने, तथा विद्यालय को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए बाल संसद का गठन किया जाता है।

शिक्षिका मंजू कुमारी एवं सुप्रिया राय ने बताया कि बाल संसद विद्यालय में बच्चों का एक ऐसा मंच है जहां वे अपने समाज, परिवार,स्वास्थ्य ,शिक्षा पर अपने अधिकारों की बात खुलकर कर सकते हैं। इस मौके शिक्षक अशोक कुमार, रितेश कुमार ,अजय कुमार के अलावा सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बढ़ते सोने के आभूषणों के कीमत पर फीकी पड़ रही लग्न

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर

**सोने - चांदी की भाव ने निर्धन परिवारों के बेटियों की शादी का बिगाड़ा बजट,**

**आम लोग जरूर को भी नहीं कर पा रहे पूरा ।**



**तेघड़ा /बेगूसराय** खाने-पीने के सामान के बढ़ते दामों से लोग पहले से ही परेशान नजर आ रहे थे, लेकिन अब लगातार कई दिनों से सोना-चांदी के भाव तेजी से बढ़ने से शादी वाले घरों का बजट बिगड़ता नजर आ रहा है।

पिछले दिनों सोने का दाम 80 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम था, जो कुछ ही दिनों में बढकर 98 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। पिछले 15 दिनों में सोने के दामों में करीब 10 हजार रुपये की बढ़ोतरी हुई है। शादी के सीजन में सोना-चांदी के भाव बढ़ने का असर ग्राहकों पर पड़ साफ दिख रहा है।

**शादियों में आम आदमी के घर का बजट बिगड़ा**

अनुमंडलीय बाजार तेघड़ा के प्रसिद्ध हरिहर बाबू स्वर्ण दुकान के स्वर्ण व्यवसायिक आलोक कुमार सिन्हा ने बताया कि कीमतों में वृद्धि के बाद भी व्यापार तो चल रहा है, लेकिन लोग अभी भाव कम होने का इंतजार भी कर रहे हैं। सोना-चांदी वो ही खरीद रहे हैं, जिनको ज्यादा आवश्यकता है। सरार्फा कार्य से जुड़े लोगों का मानना है कि सोने-चांदी की कीमतों में तेजी अभी जारी रह सकती है। इससे आम आदमी का शादी का बजट बिगड़ रहा है।

**दाम बढ़ने पर हल्के गहनों की मांग**

सोने के दामों में आई तेजी के बाद जिन परिवारों में शादी है उनका बजट बिगड़ रहा है। ऐसे में लोग दाम बढ़ने पर कम वजन के गहनों की खरीद कर रहे हैं। इस स्थिति में दाम बढ़ने से लोग गहने खरीदने के लिए पहले के मुकाबले कम रुपये खर्च कर रहे हैं। इतना ही नहीं लोग ठोस गहनों की जगह पर हल्के गहने ले रहे हैं, ताकि शादी में जेवर दिया जा सके।

सोने- चांदी के दामों में भारी वृद्धि के चलते गरीब परिवार अब सोने के आभूषणों की सोच नहीं सकते।

## फुटबॉल महाकुंभ की तैयारी ने पकड़ी रफ्तारः यमुना भगत स्टेडियम में दूरदर्शन और खेल प्राधिकरण की टीम का संयुक्त दौरा

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर

**तेघड़ा (बेगूसराय):** खेले इंडिया यूथ गेम्स 2025 के अंतर्गत आयोजित होने वाले राष्ट्रीय फुटबॉल टूनामेंट की तैयारी अब अंतिम चरण में पहुँच चुकी है। इसी क्रम में मंगलवार को दूरदर्शन और भारतीय खेल प्राधिकरण (रअक) की टीम ने तेघड़ा के यमुना भगत स्टेडियम, खेलगांव (बरौनी 1पंचायत) का संयुक्त निरीक्षण किया। यह आयोजन बिहार के लिए ऐतिहासिक बनने जा रहा है, जहाँ पहली बार इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ी और दर्शक एक साथ जुटेंगे।

**दूरदर्शन की टीम ने लिया जायजा, होगी विशेष कवरेज**

दूरदर्शन की टीम ने स्टेडियम में की गई भव्य तैयारियों, मैदान की संरचना, स्टेज, दर्शक दीर्घा, और खिलाड़?ियों की सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। टीम ने



बताया कि इस ऐतिहासिक आयोजन को राष्ट्रीय स्तर पर दर्शकों तक पहुँचाने के लिए लाइव प्रसारण, डॉक्यूमेंट्री निर्माण, खिलाड़ियों के इंटरव्यू और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का विशेष कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है।

दूरदर्शन द्वारा ₹खेल और संस्कृति₹ पर आधारित कार्यक्रमों की एक श्रृंखला चलाई जाएगी, जिसमें बिहार की सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ युवाओं की ऊर्जा को दिखाया जाएगा।

**खेल प्राधिकरण की तैयारी भी जोरों पर**

भारतीय खेल प्राधिकरण की टीम ने आयोजन स्थल पर चल रहे कार्यों का जायजा लिया और विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की। प्राधिकरण की ओर से खिलाड़ियों की ट्रेनिंग, मेडिकल सुविधा, आपातकालीन सेवाएं, स्वच्छता, खानपान, और तकनीकी संचालन को सुचारू बनाने के लिए विस्तृत योजना तैयार की गई है।

खेल प्राधिकरण के अधिकारियों ने स्थानीय प्रशासन और आयोजन समिति के साथ समन्वय कर यह सुनिश्चित किया कि आयोजन किसी भी स्तर पर कमजोर न हो। खिलाड़ियों के ठहराव, परिवहन और सुरक्षा के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं।

**तेघड़ा बना राष्ट्रीय फोकस का केंद्र**

तेघड़ा का यमुना भगत स्टेडियम अब राष्ट्रीय फोकस में है। बिहार में पहली बार होने जा रहे इस स्तर के आयोजन से ना सिर्फ खेल को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि तेघड़ा, को नई पहचान मिलेगी। अनुमान है कि 10,000 से अधिक दर्शक इस आयोजन में शामिल होंगे।

**एसडीएम राकेश कुमार के नेतृत्व में हो रही तैयारियां**

लगातार चर्चा में हैं। उन्होंने बताया कि यह आयोजन केवल एक टूनामेंट नहीं बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा, और बिहार की सकारात्मक छवि का प्रतीक बनेगा।

यह आयोजन न सिर्फ फुटबॉल प्रेमियों के लिए उत्सव है, बल्कि बिहार की खेल संस्कृति के पुनर्जागरण की नींव भी साबित होगा

## निः संतान दंपतियों के लिए लगा निःशुल्क परामर्श शिविर

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर

**सामाजिक भ्रांतियां और अंधविश्वास को त्याग कर योग्य चिकित्सकों से लें परामर्शः डॉक्टर मृणालिनी**

प्रखंड मुख्यालय तेघड़ा के समक्ष संचालित उज्जवल जीवन हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉक्टर संजीव कुमार के प्रयास से 21 अप्रैल सोमवार को निःसंतान दंपतियों के लिए एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर की शुरूआत की गई। इसका शुभारंभ बेगूसराय की महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मृणालिनी ने किया। उन्होंने कहा कि निसंतान दंपतियों को संतान सुख देना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। आधुनिक चिकित्सा पद्धति में अब यह बहुत आसान हो गया है। हमारे देश में भी अब यह इलाज सुलभ है, इसलिए यह समस्या धीरे-धीरे काफी कम होती जा रही है।



प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉ. मृणालिनी ने कहा की निःसंतान दंपतियों के लिए मेडिकल साइंस में कई आधुनिक उपचार आ चुके हैं। उन्हें सामाजिक भ्रांतियां और अंधविश्वास को त्याग कर योग्य चिकित्सकों से परामर्श लेना चाहिए। मेडिकल साइंस में उपलब्ध आधुनिक तकनीक उपचार को अपनाकर गर्भधारण करने के उपाय करने चाहिए। शिविर में ऐसी महिलाएं जिनको ओवरी में अंडों की कमी ,ओवरी में सिस्टम ( एंडोमेट्रियोसिस) फैलोपिन का जाम होना, बार-बार गर्भपात होना जैसी समस्याएं थी। अपनी टीम के द्वारा दंपतियों की जांच करके उन्हें परामर्श दिया। शिविर में 28 दंपतियों की जांच की गई।

## लापता वृद्ध महिला का अबतक नहीं मिला कोई सुराग, परिजन परेशान, खोजबीन जारी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**खोदावंदपुर,बेगूसराय।** बरियारपुर पूर्वी गांव से लापता एक वृद्ध महिला का अबतक कोई सुराग नहीं मिला है, जिससे उसके परिजन काफी परेशान हैं. लापता महिला बरियारपुर पूर्वी पंचायत के वार्ड चार निवासी राम सागर महतो की 70 वर्षीया पत्नी राजकुमारी देवी है. वृद्ध महिला की खोजबीन के लिए उसके वृद्ध पति, राम सागर महतो, छोटा पुत्र अश्विनी कुमार उर्फ अवधेश, पुत्रवधू, बेटी व अन्य परिजन बहुत परेशान हैं. लापता महिला के छोटे पुत्र अश्विनी कुमार ने खोदावंदपुर पुलिस को इस घटना की लिखित शिकायत की है. अश्विनी कुमार ने पुलिस को बताया है कि विगत 15 अप्रैल को उसकी माता राजकुमारी देवी घर से करीब आधा किमी दूर वार्ड पांच स्थित अपने बड़े पुत्र कमलेश महतो के घर पर गयी हुई थी, जहां कमलेश महतो, उसकी पत्नी ललिता देवी के अलावे उसके पुत्र और पुत्री ने राजकुमारी देवी के साथ गाली गलौज व मारपीट किया. इस घटना के बाद उसकी मां राजकुमारी देवी वहां से वापस घर लौटी और कुछ देर बाद ही बिना किसी को कुछ बताए ही कहीं चली गयी. गायब महिला के छोटे पुत्र ने बताया है कि उसने अपनी वृद्ध मां की खोज अपने सभी सगे संबंधियों के यहां किया, परंतु अबतक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है. इस संदर्भ में थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने बताया कि गायब हुई महिला के छोटे पुत्र द्वारा दिये गये आवेदन के आधार पर सनहा नंबर- 475/25 दर्ज किया गया है.

## जिला स्तरीय पोषण जागरूकता कार्यक्रम संपन्न, कुपोषण मुक्त बनाने पर जोर

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर

**बेगूसरायः** स्थानीय विशुनपुर चतर्भुज के प्रांगण में आज जिला स्तरीय पोषण जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले में पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और कुपोषण को जड़ से खत्म करने के प्रयासों को गति देना था। मंगलवार को आयोजित किए गए कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें व्यंजन प्रतियोगिता, पोषण जागरूकता रैली और पोषण संवाद शामिल थे। व्यंजन प्रतियोगिता में स्थानीय महिलाओं ने पौष्टिक और स्वादिष्ट व्यंजन प्रस्तुत किए, जिनका मूल्यांकन पोषण विशेषज्ञों द्वारा किया गया। पोषण जागरूकता रैली में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों, स्वयंसेवकों और स्थानीय लोगों ने हाथों में पोषण संबंधी संदेशों की तख्तियां लेकर क्षेत्र में भ्रमण किया और लोगों को जागरूक किया। इसके अतिरिक्त, पोषण संवाद में विशेषज्ञों ने संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला और लोगों की पोषण संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

यह कार्यक्रम विशेष रूप से महत्वपूर्ण रहा क्योंकि इसके साथ ही 8 अप्रैल से जिले में चल रहे पोषण पखवाड़े का समापन भी हुआ। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में डीपीओ आईसीडीएस सह वरीय उपसमाहर्ता राजकुमार ने अपने संबोधन में बेगूसराय को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए सभी के निरंतर सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी तुषार सिंगला के कुशल नेतृत्व में जिला प्रशासन बेगूसराय को कुपोषण मुक्त करने के लिए लगातार प्रयासरत है।

श्री राजकुमार ने इस प्रयास में स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, नगर विभाग, कृषि विभाग, पीएचईडी, जीविका सहित सभी विभागों से मिल रहे सहयोग की सराहना की। उन्होंने धर्मगुरुओं, स्थानीय स्वयंसेवी संस्थानों, स्थानीय युवाओं और पिरामल फाउंडेशन जैसे डेवलपमेंट पार्टनर्स के अपेक्षित सहयोग को भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के सम्मिलित प्रयासों से बेगूसराय निश्चित रूप से कुपोषण मुक्त होगा।

कार्यक्रम में उपस्थित उप महापौर अनीता राय ने नगर को स्वच्छ रखने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता के माध्यम से भी हम कुपोषण से प्रभावी ढंग से लड़ सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपने आसपास सफाई बनाए रखने की अपील की। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में जिला प्रशासन के अनेक गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने पोषण जागरूकता के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए और कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में नगर के विभिन्न वार्डों के वार्ड सदस्य, सदर सीडीपीओ शैलजा, जिला समन्वयक मृत्युंजय कुमार, जिला परियोजना सहायक अश्विनी कौशिक, सभी महिला पर्यवेक्षिकाएं, पिरामल फाउंडेशन के दीपक मिश्रा, कन्हैया कुमार, माया कौशल्या फाउंडेशन के रोशन कुमार, सेविकाएं और लाभार्थी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## सार-संक्षेप

### बीडीओ राकेश कुमार ने तेघड़ा में विशेष विकास शिविर का किया निरीक्षण, ऑन द स्पॉट लाभुकों को दी गई कई योजनाओं का लाभ

राष्ट्र संवाद ब्यूरो /अशोक कुमार ठाकुर



डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान* के तहत दलित मोहल्ले में रहने वाले लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से पहुंचाने को लेकर सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। अब इन गोलों में रहने वाले लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए तेघड़ा प्रखंड में 22 अप्रैल मंगलवार को गौरा 2 बरौनी 2, आधारपुर, पकठौल , पिढ़ौली के महादलित मोहल्ले में विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया। जिस शिविर का निरीक्षण बीडीओ पदाधिकारी राकेश कुमार ने किया । इस दौरान लाभुकों के बीच राशन कार्ड, जब, ई-श्रम कार्ड आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड का भी वितरण किया। बीडीओ ने कहा कि सरकार की मंशा है कि समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास की किरण पहुँचे। ऐसे शिविरों के माध्यम से योजनाओं को धरातल पर उतारना और जरूरतमंदों तक उनका सीधा लाभ पहुँचाना ही प्रशासन की प्राथमिकता है,।

निरीक्षण के दौरान श्री राकेश कुमार ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया और लाभुकों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और अनुभवों को जाना। उन्होंने सभी पदाधिकारी को निर्देशित किया कि शिविर में कोई भी लाभुक योजनाओं से वंचित न रह जाए और पूरी पारदर्शिता बरती जाए। विभिन्न शिविर के माध्यम से दलित समुदाय के लोग विभिन्न सरकारी योजनाओं आवास ,राशन कार्ड, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य ,शिक्षा, मनरेगा, ई-श्रम कार्ड,जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र और अन्य सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के लाभ हेतु शिविर के माध्यम से आवेदन किया।

इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार, अंचलाधिकारी रविशंकर कुमार, प्रखंड श्रम परवर्तन पदाधिकारी झूमा भंडारी, मनरेगा के प्रोग्राम पदाधिकारी डॉक्टर सत्य प्रकाश, जीविका के प्रखंड प्रबंधक बिरजू कुमार, प्रखंड के उद्यान पदाधिकारी अमरेश कुमार, मुखिया पंकज कुमार सहनी, पंकज पासवान, अनुराग प्रताप सन्नी , मौसम कुमारी,किरण देवी, मुखिया प्रतिनिधि देवराज सिंह ,बौघू सिंह ,पंचायत सचिव किशोर प्रसाद, विकास मित्र मुन्नी कुमारी, कविता कुमारी , हेमा कुमारी , प्रखंड बार रूम स्वच्छता कर्मी रामप्रवेश ठाकुर, स्वच्छता पर्यवेक्षक नीतीश कुमार रंजीत कुमार, अमन कुमार, अरुण कुमार, कन्हैया शर्मा,सहित अन्य अधिकारी और कर्मी भी उपस्थित थे।

### आपका शहर आपकी बात कार्यक्रम माननीय मुख्यमंत्री द्वारा शुरूआत हेतु बैठक आयोजित



राष्ट्र संवाद ब्यूरो/ अशोक कुमार ठाकुर

22 अप्रैल सोमवार को आपका शहर आपकी बात कार्यक्रम का पटना में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत हेतु बैठक की गई। इस अवसर पर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 17 स्थित रतनपुर चतुर्भुज पोखर परिसर में उक्त बैठक का लाईव प्रसारण किया गया। जिसमें जिला पदाधिकारी, बेगूसराय श्री तुषार सिंगला, नगर आयुक्त, नगर निगम सत्येन्द्र कुमार, प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा, प्रभारी पदाधिकारी, जिला विकास शाखा, उप महापौर नगर निगम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं आम लोग उपस्थित थे।

माननीय मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित बैठक समाप्त होने के उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि सरकार जिस प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में टोले-टोले जाकर आम लोगों की जनसमस्याओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रह है उसी प्रकार सरकार द्वारा आपका शहर आपकी बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, इसके तहत नगर निगम एवं नगर परिषदों के नव-विस्तारित क्षेत्रा में सुरक्षा सुविधा संबंध शिविर का आयोजन किया जायेगा, जिसमें सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से आपलोगों को अवगत कराया जायेगा, तथा लाभान्वित भी कराया जायेगा।

### हज यात्रियों के लिए सदर अस्पताल में 23 से 28 अप्रैल तक टीकाकरण कार्यक्रम

**कटिहार,** । हज यात्रियों के लिए अंजुमन इस्लामिया जामा मस्जिद मंगलबजार में मंगलवार को दुआ मजलिस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बिहार राज्य हज समिति पटना के निदेर्शानुसार हज यात्रियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम और टीकाकरण कार्य के तहत हुआ।

इस अवसर पर बिहार राज्य हज समिति पटना के चेयरमैन अब्दुल हक साहब, उनके निजी सलाहकार मो.अख्तर, उप निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण कटिहार के अनीश कुमार सिंहा, डॉ अनबार उर्फ गुलाब हज ट्रेनर और नौमान अख्तर कार्यालय कर्मी उपस्थित हुए।कार्यक्रम में बताया गया कि हाजियों के लिए सदर अस्पताल में 23 से 28 अप्रैल 2025 तक टीकाकरण किया जाएगा। दुआ मजलिस में मस्जिद के इमाम, मदरसा के शिक्षक और प्रसिद्ध व्यक्तियों ने भाग लिया।

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के उपनिदेशक ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य हज यात्रियों को हज यात्रा के लिए तैयार करना और उन्हें आवश्यक जानकारी प्रदान करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम और टीकाकरण कार्य हज यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण कदम है, जिससे वे अपनी यात्रा को सुरक्षित और सफलतापूर्वक पूरा कर सकें।

### पूर्णिया में क्षत्रिय शौर्य का महासंगम, विजयोत्सव, सम्मेलन और 17 प्रस्तावों की हुंकार

**पूर्णिया,** ।ऐतिहासिक वीर गाथाओं और क्षत्रिय समाज की गरिमा को नई ऊंचाई देने वाले ह्वबाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव समारोहह्व सह ह्वविराट क्षत्रिय सम्मेलनह्व पूर्णिया में भव्य रूप से आयोजित होने जा रहा है। जिसकी सारी तैयारी पूर्ण हो चुकी हैं इस ऐतिहासिक आयोजन की अध्यक्षता अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर महेंद्र सिंह 'तंवर' करेंगे। समारोह में देश के विभिन्न हिस्सों से राजनैतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति तय मानी जा रही है। उत्तर प्रदेश के चर्चित सांसद बृजभूषण शरण सिंह, पूर्व सांसद उदय सिंह उर्फ पप्पू सिंह, शिवहर सांसद लवली आनंद, उत्तराखंड से राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी के अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, विधान परिषद सदस्य महेश्वर प्रसाद सिंह, राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष शीला सुखदेव सिंह गोगामेड़ी, संयुक्त करणी सेना के अध्यक्ष राज शेखावत, रामराज परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह तरुका,जैसे विशिष्ट अतिथि इस सम्मेलन को गरिमा प्रदान करेंगे।

पंजीयन संख्या :JHAHIN01092 स्वामी , प्रकाशक , मुद्रक व संपादक देवानंद सिंह द्वारा अमन प्रिंटर , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर - 3 से मुद्रित तथा अमन पब्लिकेशन राष्ट्र संवाद , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर -3 झारखंड से प्रकाशित ।फोन : 0657 - 2341060 /2344002 मो:09431179542 /09102339999 / 07739802044 / 09334823893

## पूर्व क्रिकेटर अमित मिश्रा पर पत्नी ने लगाया घरेलू हिंसा का आरोप, मांगा 1 करोड़ का मुआवजा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के कानपुर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। भारतीय क्रिकेटर अमित मिश्रा और उनके परिवार के खिलाफ उनकी पत्नी ने घरेलू हिंसा का मुकदमा दर्ज कराया है। अमित मिश्रा की पत्नी ने सातवें न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में घरेलू हिंसा का परिवाद दायर किया है और इसके साथ ही एक करोड़ रुपये के मुआवजे की मांग की है। भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी अमित मिश्रा की पत्नी गरिमा ने अपने सास-ससुर बीना मिश्रा और शशिकांत मिश्रा, जेठ अमर मिश्रा, जेठानी रितु मिश्रा और ननद स्वाती मिश्रा को भी इस मामले में आरोपी बनाया है। गरिमा का आरोप है कि ससुराल पक्ष ने दहेज के रूप में 10 लाख रुपये नकद और एक कार की मांग की थी। गरिमा तिवारी ने न्यायिक मजिस्ट्रेट सप्तम की अदालत में घरेलू हिंसा का परिवाद दायर किया है और एक करोड़ रुपये के मुआवजे की मांग की है। बिरहाना रोड, कानपुर निवासी गरिमा ने अपने पति और ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कोर्ट ने सभी आरोपियों को नोटिस जारी किया है और अगली सुनवाई 26 मई 2025 को निर्धारित की गई है। गरिमा ने इसके साथ ही एक करोड़ रूपए की क्षतिपूर्ति की मांग की है, स्त्रीधन का अधिकार और साझा गृहस्थी में रहने की मांग भी की है। गरिमा ने दावा किया है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने उनकी विदाई रोक दी थी। ढाई लाख रुपये देने के बाद ही विदाई हो सकी। गरिमा ने बताया कि उनके पति अमित उन्हें तिलक नगर स्थित आरबीआई कॉलोनी के एक घर में ले गए जहां ससुराल के लोग आकर उन्हें परेशान करते थे। गरिमा ने यह भी आरोप लगाया कि अमित उनके बहकावे में आकर गाली-गलौच और मारपीट करते थे। उन्होंने कहा कि मॉडलिंग से कमाए गए उनके पैसे भी अमित छीन लेते थे। इसके अलावा गरिमा ने आरोप लगाया कि अमित इंस्टाग्राम पर अन्य लड़कियों से बात करते थे और उन्हें तलाक की धमकी देते थे।

## रोहित पर स्टीव वॉ की तीखी टिप्पणी उन्हें खुद को आईने में देखना होगा



**मैड्रिड, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर स्टीव वॉ का मानना है कि आलोचनाओं का सामना कर रहे रोहित शर्मा अगर भारतीय क्रिकेट की सेवा करना जारी रखना चाहते हैं तो उन्हें आत्ममुग्ध नहीं होना चाहिए और आराम नहीं करना चाहिए। इसमें इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला से पहले कप्तानी पर फैसला लेना भी शामिल है। रोहित के भविष्य को लेकर उठ रहे सवालों के बीच वॉ ने कहा कि भारत की कप्तानी का फैसला रोहित को खुद करना चाहिए। भारत जून में इंग्लैंड के साथ श्रृंखला की शुरुआत के साथ 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र की शुरुआत करेगा। वॉ ने कहा कि यह पूरी तरह से उन पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि वह अकेले ही इस समस्या का समाधान कर सकते हैं। उन्हें खुद को आईने में देखना होगा और कहना होगा कि क्या मैं अब भी कप्तान बनना चाहता हूं या भारत के लिए खेलना चाहता हूं? क्या मैं प्रतिबद्ध हूं? क्या मैं इसके लिए पर्याप्त समय और प्रयास कर रहा हूं? अपने देश के लिए खेलना एक सौभाग्य और सम्मान की बात है।

लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अकादमी के सदस्य वॉ ने कहा कि आप आत्मसंतुष्ट या आराम से नहीं रह सकते। रोहित 30 अप्रैल को 38 वर्ष के हो जाएंगे। बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली तीन टेस्ट श्रृंखला में उनका प्रदर्शन खराब रहा था। उन्होंने खराब फॉर्म का हवाला देते हुए सिडनी टेस्ट से बाहर होने का फैसला किया जिसमें भारत इस साल की शुरुआत में 1-3 से श्रृंखला हार गया था।

# विश्व कप में 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में पदक से चूकीं ओलंपिक पदक विजेता भाकर, सिमरनप्रीत को रजत



**लीमा (पेरू), एजेंसी।** भारत की 20 वर्षीय सिमरप्रीत ने 10 रेपिड फायर सीरीज में 33 हिट लगाए और वह चीन की सुन युजी से सिर्फ एक शॉट पीछे रहीं जिन्होंने इस स्पर्धा में अपना लगातार दूसरा विश्व कप स्वर्ण जीता। भारतीय निशानेबाज सिमरनप्रीत कौर बरार ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक के साथ अपना पहला सीनियर अंतरराष्ट्रीय पदक जीता, जबकि पेरिस ओलंपिक की दोहरी पदक विजेता मनु भाकर पेरू के लीमा में जारी आईएसएसएफ विश्व कप में सोमवार को चौथे स्थान पर रहीं और पदक से चूक गईं।

**सिमरनप्रीत को रजत पदक:** भारत की 20 वर्षीय सिमरनप्रीत ने 10 रेपिड फायर सीरीज में 33 हिट लगाए और वह चीन की सुन युजी से सिर्फ एक शॉट पीछे रहीं जिन्होंने इस स्पर्धा में अपना लगातार दूसरा विश्व कप स्वर्ण जीता। चीन की एक अन्य निशानेबाज याओ कियानशुन ने 29 हिट के साथ कांस्य पदक हासिल किया। यह भारत का प्रतियोगिता में चौथा रजत है। इसके अलावा दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक भी भारत ने जीते हैं।

**दिलचस्प रहा मुकाबला:** अर्जेंटीना में पिछले विश्व कप में रजत पदक जीतने वाली ईशा सिंह छठे स्थान पर रहीं। पहली सीरीज के बाद ही चीन की खिलाड़ी शीर्ष पर पहुंच गईं जबकि भारतीय निशानेबाजों ने दूसरी सीरीज से ही अपनी लय हासिल कर ली। छठी सीरीज में मनु और सिमरनप्रीत दोनों ने पांच-पांच शॉट लगाए जबकि ईशा ने चार निशाने लगाए। इसके बाद मनु, ईशा और जर्मनी की डोरेन वेनकेम्प के बीच शूट ऑफ हुआ। ईशा सबसे पहले बाहर हो गईं। इसके बाद मनु ने दूसरे शूट ऑफ में डोरेन को पछाड़कर शीर्ष चार में जगह बनाई।

**पदक से चूकीं मनु भाकर:** मनु हालांकि अगली सीरीज के बाद एक अंक से पिछड़कर बाहर हो गईं। इससे पहले मनु, मिश्रित टीम पिस्टल विश्व चैंपियन ईशा और सिमरनप्रीत की तिकड़ी ने फाइनल में जगह सुनिश्चित की। मनु 585 अंक के साथ क्वालिफाइंग में दूसरे स्थान पर रहीं जबकि सिमरनप्रीत ने 580 अंक के साथ पांचवां स्थान हासिल किया। ईशा ने 575 अंक हासिल कर आठवां और अंतिम क्वालिफाइंग स्थान अपने नाम किया।

**मनु को 10 मीटर एयर पिस्टल में मिला था रजत:** इससे पहले मनु 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भी स्वर्ण से चूक गई थीं। युवा निशानेबाज सुरुचि इंदर सिंह ने मनु को हराकर लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता था। 18 साल की सुरुचि ने हाल ही में ब्यूनस आयर्स में साल के पहले विश्व कप में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। उन्होंने लीमा विश्व कप में 24 शॉट के फाइनल में 243.6 का स्कोर बनाया और मनु को 1.3 अंक से हराकर स्वर्ण पर कब्जा जमाया था। एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहिंद्र स्तान ने बताया कि प्रतियोगिता में रूस, दक्षिण कोरिया, फिलीपींस, उज्बेकिस्तान और थाईलैंड के मुक्केबाज भी दम दिखाएंगे। खास बात यह है ।




## पंचकुला नहीं, अब इस शहर में होगा नीरज चोपड़ा का मुकाबला; किस कारण किया गया परिवर्तन?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा का मुकाबला अब पंचकुला के बजाए बंगलूरू में होगा। नीरज चोपड़ा क्लासिक प्रतियोगिता का पहला चरण पर्याप्त रोशनी की कमी के कारण 24 मई को बंगलूरू के कांतिरावा स्टेडियम में होगा। इस टूर्नामेंट में नीरज के अलावा कई स्टार एथलीट हिस्सा लेंगे जिसमें एंडरसन पीटर्स और थॉमस रोहलर शामिल हैं। विश्व एथलेटिक्स द्वारा इस प्रतियोगिता को श्रेणी ए का दर्जा दिया गया है।

**नीरज ने अरशद नदीम को किया आमंत्रित :** ग्रेनेडा के पीटर्स दो बार के विश्व चैंपियन हैं और रोहलर 2016 ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता हैं। नीरज ने कहा कि उन्होंने पाकिस्तानी ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम को भी आमंत्रित किया है जिन्होंने अभी तक भागीदारी की पुष्टि नहीं की है। नीरज ने कहा, मैंने अरशद को निमंत्रण भेजा है और उन्होंने कहा है कि वह अपने कोच से चर्चा करने के बाद मुझसे संपर्क करेंगे। अभी तक उन्होंने भागीदारी की पुष्टि नहीं की है। नीरज ने कहा, मैं चाहता था कि यह प्रतियोगिता पंचकुला में आयोजित हो, लेकिन वहां स्टेडियम में रोशनी की व्यवस्था से संबंधित कुछ मुद्दे हैं। विश्व एथलेटिक्स 600 लक्स चाहती थी लेकिन पंचकुला में इतनी रोशनी उपलब्ध नहीं थी और इसे तैयार करने में समय लगेगा। इसलिए हमने प्रतियोगिता को बंगलूरू के कांतीरवा स्टेडियम में स्थानांतरित करने का फैसला किया है। हमारे पास वहां एक टीम है और वहां इसका आयोजन करना बहुत आसान होगा। इस कार्यक्रम का आयोजन नीरज और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स द्वारा भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) और विश्व एथलेटिक्स के सहयोग से संयुक्त रूप से किया जाएगा, जिसमें शीर्ष वैश्विक और भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी भाग लेंगे। पीटर्स ने 2024 पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था और रोहलर के अलावा केन्या के जूलियस येगो (2016 रियो ओलंपिक में रजत पदक विजेता और 2015 विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता भी हैं) और अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन ने भी भागीदारी की पुष्टि की है।गुजरात ने सीजन में पंजाब (11 रन) और लखनऊ (6 विकेट) से ही मैच गंवाया है। इसके अलावा वह मुंबई, आरसीबी, हैदराबाद, राजस्थान, दिल्ली और अब कोलकाता से मैच जीत चुके हैं। वहीं, गत चैंपियन कोलकाता सातवें स्थान पर आ गई है। उन्हें 8 मैचों में 5वीं हार मिली है। उनके अब 6 अंक ही हैं। उन्हें प्लेऑफ की रेस में आगे बढ़ने के लिए आगामी सभी मैच जीतने होंगे।

## आईपीएल में फूटा मैच फिक्सिंग का बम ! लखनऊ से हार के बाद राजस्थान रॉयल्स पर लगे आरोप



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के एक रोमांचक मैच में राजस्थान रॉयल्स को लखनऊ सुपर जायंट्स से मिली हार मिली थी, अब इसी अब विवाद शुरू हो गया है. राजस्थान रॉयल्स की हार पर मैच फिक्सिंग के आरोप लगने लगे हैं. राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी के कन्वेनर ने जयदीप बिहाणी का कहना है कि इस मैच में कुछ गड़बड़ जरूर हुई है. मैच की बात करें तो राजस्थान को 181 रन का टारगेट मिला था, और आखिरी ओवर में उन्हें जीत के लिए सिर्फ 9 रन चाहिए थे, वो भी तब जब उनके 6 विकेट बचे थे. लेकिन लखनऊ के बॉलर आवेश खान ने कमाल की बॉलिंग की और राजस्थान दो रन से हार गया. इस हार के बाद ही राजस्थान टीम पर सवाल उठे हैं. जयदीप बिहाणी को इस हार पर शक हुआ है. उन्होंने सवाल उठाया कि अपने ही होम ग्राउंड पर टीम ऐसे कैसे हार गई. एक इंटरव्यू में उन्होंने याद दिलाया कि पहले भी 2013 में राजस्थान के कुछ खिलाड़ी स्पॉट फिक्सिंग में फंसे थे, और टीम का इतिहास थोड़ा विवादित रहा है.

उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि फ्रेंचाइजी के मालिक राज कुंद्रा भी पहले सट्टेबाजी के मामले में पकड़े जा चुके हैं, और इसके चलते टीम को दो साल के लिए बैन भी झेलना पड़ा था. इस बार भी उन्होंने बीसीसीआई से मांग की है कि मामले की जांच होनी चाहिए. फ्रेंचाइज़ी के मालिक राज कुंद्रा जब सट्टेबाजी में पकड़े गए थे चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ-साथ राजस्थान की टीम पर भी 2016 और 2017 में दो सेशन लिए प्रतिबंध लगा दिया गया था. इसके अलावा जयदीप बिहाणी का आरोप है कि आईपीएल की मेजबानी से राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन को बिना किसी ठोस वजह के दूर रखा गया उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स काउंसिल और राजस्थान रॉयल्स ने ये कहकर बहाना बनाया कि एसोसिएशन के पास सवाई मानसिंह स्टेडियम से कोई करार नहीं है. लेकिन सवाल ये है कि अगर करार नहीं भी था, तो क्या स्पोर्ट्स काउंसिल को हर मैच के पैसे नहीं मिल रहे?

**राजस्थान की आईपीएल 2025 में हालत खराब:** वैसे ये पहली बार नहीं है जब राजस्थान ने आखिरी ओवर में हार का सामना किया हो, इससे पहले भी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ वो 9 रन नहीं बना पाए थे और मैच सुपर ओवर में हार गए थे. अब तक राजस्थान ने 8 में से सिर्फ 2 मैच जीते हैं और पॉइंट्स टेबल में आठवें नंबर पर है. उनका अगला मैच 24 अप्रैल को आरसीबी से होगा. पेशवार जल्मी पॉइंट्स टेबल में 5वें स्थान पर है. कराची किंग्स इस मैच से पहले 4 मैचों में 2 जीत के साथ पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर है. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) केंद्रीय अनुबंध 2024-25 की घोषणा कर दी है। रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा ए+ ग्रेड में बने हुए हैं जबकि श्रेयस अय्यर और ईशान किशन की केंद्रीय अनुबंध में वापसी हुई है।

## दो जीत हासिल कर हुआ शुभमन का दिल गार्डन-गार्डन, बोले-आज मैं बहुत खुश हूं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स को इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को एकतरफा मुकाबले में 39 रन से हराने के बाद गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि आज मैं बहुत खुश हूं। हमने इन दो मैचों के बारे में बात की थी। हमने तय करना था कि हम तालिका में कहां खड़े हैं। लगातार दो जीत हासिल करके बहुत खुश हूं। हम जब भी मैदान पर उतरते हैं तो अपना सर्वश्रेष्ठ खेल खेलना चाहते हैं। जीत के मंत्र पर बात करते हुए शुभमन ने कहा कि हम कभी इस बारे में बात नहीं करते कि हममें से किसी एक को अंत तक टिके रहना है। हम सिर्फ इस बारे में बात करते हैं कि हम इन परिस्थितियों में कैसे रन बना सकते हैं और खेल को कैसे आगे ले जा सकते हैं। हम खेल में आगे थे, लेकिन आगे रहना एक बात है और खेल को खत्म करना दूसरी बात है। वहीं, वेंकी अय्यर के विकेट के बाद उत्साहित जश्न पर बोलते हुए शुभमन ने कहा कि ये मेरी कुछ भावनाएं थीं जो बाहर आ रही थीं। इस प्रारूप में एक आदर्श खेल होना मुश्किल है। हमेशा कुछ क्षेत्र होंगे। अगर मैं वहां रहता तो हम 10 रन और बना सकते थे। हमने गेंदबाजी में कुछ अप्रत्याशित गलतियां कीं लेकिन मुख्य बात यह है कि भले ही आप आदर्श खेल नहीं खेल रहे हों, आपको जीतने का तरीका खोजना होगा और हम इसमें वास्तव में इसमें अच्छे हैं। शुभमन गिल को 90 रन बनाने पर प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। गुजरात टाइटंस ने आखिरकार सीजन में 8 मैचों में अपनी छठी जीत हासिल कर ली। इसी के साथ वह अंक तालिका में पहले नंबर पर बरकरार है। उनके बाद दिल्ली कैपिटल्स पर बनी हुई है।

## बाबर आजम को भी नहीं देखना चाहते पाकिस्तानी फैंस, फिर हुए फेल, खाली स्टेडियम में हुआ खेल




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीएसएल 2025 का 11वां मैच पेशावर जल्मी और कराची किंग्स के बीच खेला गया. इस मैच में कराची किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. पेशावर जल्मी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 147 रन बनाए. पिछले तीन मैचों में फ्लॉप चले पेशावर जल्मी के कप्तान बाबर आजम ने इस मैच में 41 गेंदों में 5 चौकों की मदद से 46 रन बनाए. इस मैच की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि मैच को देखने के लिए कराची स्टेडियम में फैंस नहीं पहुंचे. स्टेडियम पूरी तरह से खाली दिखाई दे रहा था. फैंस से ज्यादा वहां पर सुरक्षाकर्मी दिखाई दे रहे थे.

**क्रिकेट से दूर हो रहे हैं पाकिस्तानी फैंस:** बाबर आजम का मैच होने के बावजूद कराची स्टेडियम में फैंस नहीं पहुंचे. ऐसा लग रहा है कि पाकिस्तानी फैंस अब क्रिकेट से दूर होते जा रहे हैं. पाकिस्तान सुपर लीग ने अब तक 11 मैच पूरे कर लिए हैं. हाल ही में इंग्लैंड के बल्लेबाज सैम बिलिंग्स ने आईपीएल को दुनिया का बेस्ट टी20 लीग बताते हुए उसे क्रूरु समेत बाकी दूसरे फ्रेंचाइजी लीग से ऊपर रखा.

पाकिस्तान सुपर लीग में कुल 34 मैच खेले जाएंगे. इस बार पीसीबी ने टूर्नामेंट का आयोजन आईपीएल के बीच किया है, उन्हें लगा था कि उनकी लीग भारत में होने वाली दुनिया की सबसे बड़ी टी20 लीग को टक्कर देगी. पहले मैच में दर्शकों की संख्या अच्छी थी लेकिन 11वें मैच तक पहुंचते-पहुंचते पूरा स्टेडियम ही खाली नजर आ रहा है.

**सोशल मीडिया पर क्रूरु की तस्वीर हुई थी वायरल:** कुछ दिन पहले पाकिस्तानी पत्रकार ने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर करते हुए लिखा था कि कराची में पाकिस्तान सुपर लीग के दौरान 6700 सुरक्षाकर्मी लगे हुए हैं. जबकि कराची में हुए मैच में दर्शकों की संख्या करीब 5000 ही थी, यानी सुरक्षाकर्मियों की संख्या से भी 1500 कम लोग मैच देखने आए थे. बात करें बाबर आजम की टीम की तो पेशावर जल्मी ने इस मैच से पहले तीन मैच खेले हैं, जिसमें उसे 2 में हार का सामना करना पड़ा है.